हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार


रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● शनिवार ● 10.08.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 22 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपया~~ 2 रुपया





एक नजर

## अंबा प्रसाद ने डीसी से की मुलाकात



**बड़कागांव** : विधायक अंबा प्रसाद ने उपायुक्त नैंसी सहाय से उनके आवास में मुलाकात किया। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा सिंदवारी पंचायत के ग्राम सोनबरसा समेत आसपास के विस्थापित ग्राम पंचायत के कुल नौ स्वास्थ्य सहिया को पुनः बहाल करने की बात कही। ज्ञात हो की उक्त स्वास्थ्य सहिया विस्थापित क्षेत्र से आते थे एवं खनन कार्य में गांव विस्थापन हो जाने के कारण बेरोजगार हो गए थे। जिसके बाद विधायक अंबा प्रसाद लगातार इस मामले को लेकर उपायुक्त से सभी स्वास्थ्य सहिया महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की बात कही थी। जारी प्रेस विज्ञप्ति में विधायक द्वारा बताया गया कि उपायुक्त ने आस्वस्त किया है कि दो-चार दिनों के अंदर सभी लोगों को पुनः बहाल कर दिया जाएगा एवं नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा।

## कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने कटकमसांडी का किया दौरा

**कटकमसांडी** : शुक्रवार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने कटकमसांडी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उत्तरी पेलावल, कंचनपुर, लुपुंग, डांड, बरगड्डा और कंडसार पंचायतों में स्थानीय समस्याओं पर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा की। दौरे में उनके साथ कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष नागरसिंह प्रजापति, लुपुंग पंचायत के मुखिया दिलीप पासवान, संजय सिंह, सुजीत सिंह, दिनेश यादव, सुरेन्द्र यादव, महेश प्रसाद, अनिल कुमार, बसंत पांडे, और बरगड्डा पंचायत अध्यक्ष मनोज माली भी उपस्थित रहे। मुन्ना सिंह ने पंचायतों में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से आमजन के हितों की लड़ाई लड़ती आई है और इस दौर में भी हम किसी भी अन्याय के खिलाफ खड़े रहेंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और कई समस्याओं का त्वरित समाधान करने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों ने मुन्ना सिंह के सामने ग्रामीणों की समस्याएं रखीं, जिनमें सड़क, बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी प्रमुख थीं। मुन्ना सिंह ने इन मुद्दों को सरकार के समक्ष जोरदार तरीके से उठाने और इनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने की प्रतिबद्धता जताई। कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह के इस दौरे को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान होगा। उन्होंने मुन्ना सिंह के प्रयासों की सराहना की और उन्हें हर संभव समर्थन देने का वादा किया।

## आजसू नेता रोशन चौधरी के पिता की पुण्यतिथि पर पौधों का हुआ वितरण

**बड़कागांव** : आजसू पार्टी आवासीय कार्यालय में झारखंड के आंदोलनकारी एवं शिक्षाविद स्वः रिझुनाथ चौधरी के पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई, उसके बाद उनके याद मे हजारो फलदर पौधों का वितरण किया गया। जिसमें आम, लिच्ची, कटहल, सागवान, नीम, गमहर आदि पौधों का वितरण हुआ। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा ने कहां की पर्यावरण को संतुलन रखने के लिए पौधा लगाना बहुत जरूरी हैं प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक दो पौधा लगाकर उसका संरक्षण करना चाहिए एवं पौधा लगाने के प्रति लोगों को जागरूक करने की जरूरत है।

# युवाओं के उत्थान के प्रति मेरा प्रयास जारी है, भविष्य में भी जारी रहेगा : शेफाली गुप्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के सौजन्य से खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट सदर प्रखण्ड में आयोजित दुसरा दिन का खेल मुकाबला दिन शुक्रवार को संपन्न हुआ। शहर स्थित कर्जन ग्राउंड एवं संत कोलम्बस कॉलेज विपरीत स्थित न्यू ग्राउंड में सदर प्रखण्ड का फुटबॉल मुकाबला आयोजित है। दुसरा दिन का खेल मुकाबला में मुख्य रूप से भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबला किया तथा मंच पर उपस्थित होकर हौसला वर्धन किया। कर्जन ग्राउंड में आयोजित पहला मुकाबला भेलवारा शरदा क्लब बनाम एफसी क्लब मटवारी के बीच फुटबॉल मुकाबला खेला गया। जिसमें एफसी क्लब मटवारी की टीम विजयी हुई। दुसरा मुकाबला नयाखाप एफसी क्लब बनाम हरहद एफसी क्लब के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें हरहद एफसी क्लब की टीम विजयी हुई। तीसरा मुकाबला आरएफसी क्लब हजारीबाग बनाम चुटियारो के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें आरएफसी क्लब हजारीबाग की टीम विजयी हुई। चौथा मुकाबला सिंदूर बनाम हुटपा के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें सिंदूर की टीम विजयी हुई। संत कोलम्बस कॉलेज विपरीत स्थित न्यू ग्राउंड में पहला मुकाबला गुढवा बनाम सिलवार के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें सिलवार की टीम विजयी हुई। दुसरा मुकाबला मेरू बनाम मंडई के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें मेरू की टीम विजयी हुई। तीसरा मुकाबला यंग स्पोर्टिंग क्लब हुरहुरू बनाम सिंघानी के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें सिंघानी की टीम विजयी हुई। चौथा मुकाबला एफसी सरजोम बगान बनाम अमनारी के बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें एफसी सरजोम बगान की टीम विजयी हुई। निर्णायक की भुमिका में बिक्कू कुमार, वकील कुमार, गौरव कुमार, जीतेन्द्र कुमार एवं अशोक कुमार ने सरहानीय योगदान दिया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि युवाओं के उत्थान में मेरा प्रयास जारी है, भविष्य में भी जारी रहेगी। साथ ही खिलाडियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। खिलाडियों के उत्थान में हरसंभव सहयोग करने के भरोसा दिया। मौके पर विशेष रूप भाजपा अनुसुचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल वाल्मीकि, पवन गुप्ता, वार्ड पार्षद सुबोध कुमार पासवान, सरफराज अहमद, दिनेश कुमार एवं राकेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

## युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश यादव यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय हजारीबाग के परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया साथ ही युवा कांग्रेस की स्थापना दिवस पर युवा कांग्रेस के ध्वज को सलामी दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा बिनोद सिंह शामिल हुए। वृक्षारोपण और पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया उसके साथ ही युवा कांग्रेस ने शपथ लिया कि हम त्याग न्याय शांति धर्म विज्ञान समृद्धि और सत्य के रास्ते पर चलेंगे हम देश की बहुत संस्कृति भारतीय धार्मिक एवं क्षेत्रीय विविधताओं के ढांचे के सद्भावना एवं सर्वधर्म संभावना के सिद्धांत को बनाए रखेंगे। हम समाज के लिए आज नासूर बनी विभिन्न सामाजिक कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा घरेलू हिंसा कन्या भ्रूण हत्या नशाखोरी आदि को जड़ मूल से दूर करने का प्रयास करेंगे। हम पोलियो टीवी जैसे घातक बीमारियों पर कुठारा घाट करके देश को उनसे मुक्ति दिलाएंगे। हम एचआईवी एड जैसे बीमारियों के उन्मूलन के लिए सही जानकारी का प्रचार प्रसार करेंगे। साथ ही जो इन बीमारियों से पीड़ित है। उनकी मदद करेंगे हम समाज के प्रत्येक वर्ग विशेष कर महिलाओं एवं शोषित वर्ग के विकास एवं उत्थान के लिए कार्य करेंगे हम आतंकवाद के संपूर्ण विनाश तक इसका मुकाबला करते रहेंगे। हम सामाजिक उत्थान से संबंधित कार्यों जैसे रक्तदान वृक्षारोपण आदि कार्यक्रमों को नियमित रूप से हम चलाते रहेंगे हम युवाओं से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा अपने महान नेताओं के सपनों को साकार करते हुए राष्ट्र निर्माण का कार्य करते रहेंगे ।

## शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लेबर वार्ड में कदाचार बंद हो : सुरजीत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के लेबर वार्ड में लगातार मरीज से डिलीवरी कराने के नाम पर वहां के कर्मियों के द्वारा पैसे की वसूली की जाती है। आज दिनांक 9, 8,2024 को सुबह लगभग 3:00 बजे हम सभी अपने ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता की पत्नी की डिलीवरी कराने के लिए वहां पहुंचे तो पाए कि जितने भी मरीज वहां एडमिट थे। उन लोगों से वहां के कर्मियों के द्वारा लड़का होने पर 1800 से 2000 और लड़की होने पर 1000 से 1500 की वसूली की जा रही थी। जिसकी सूचना मैं तत्काल अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट डॉ विनोद कुमार सिंह को फोन के द्वारा दी है, विदित हो कि लेबर वार्ड की इंचार्ज सुनीता टोप्पो जो पिछले कई वर्षों से लेबर वार्ड में ही पदस्थापित है। सभी लोगों की ड्यूटी तो बदलती रहती है लेकिन सुनीता टोप्पो की ड्यूटी लगातार लेबर वार्ड में ही बनी रहती है। जो यह स्पष्ट बताता हैकि अस्पताल प्रशासन की मिलीभगत से वसूली किया जा रहा है। जिसमें आउटसोर्सिंग कंपनी राइडर को सामने रखकर पूरा खेल को अंजाम दिया जा रहा है, पूर्व में भी कई बार इस तरह के मामले की लिखित सूचना अस्पताल अधीक्षक को दे चुका हूं लेकिन आज तक सुनीता टोप्पो पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। झारखंड सरकार जहां एक और गरीबों के इलाज के लिए कृत संकल्पित है वहीं दूसरे और हजारीबाग शेख मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लेबर वार्ड के कर्मियों के द्वारा इस तरह का किया जा रहा कारनामा कहीं ना कहीं लोगों को दिग्भ्रमित और झारखंड सरकार को बदनाम करने का काम कर रही है। सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता और झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार झारखंड के गरीबों के लिए तरह-तरह की योजनाएं ला रहे हैं ।जिससे उनका इलाज और भी बेहतर तरीके से हो सके लेकिन उसके बावजूद शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के कुछ कर्मी अपने इन व्यवहारों से झारखंड सरकार के योजनाओं को पानी फेरने में लगे हुए हैं। इस पूरे मामले की जानकारी कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के स्टेट कोऑर्डिनेटर सुजीत नाग वाला ने पत्र के माध्यम से उपायुक्त हजारीबाग को दी है और सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को दी है और कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## श्री दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ बना धार्मिक आस्था का केंद्र



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : श्री दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ (दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर ) बना धार्मिक आस्था का केंद्रबिंदु जहां स्थापित शिव परिवार की प्रतिमा में मंगलकर्ता विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश ने भक्तों श्रद्धालुओं से दुग्ध और जल का भोग स्वीकार किया बताते चलें कि अहले सुबह से ही प्रतिदिन की तरह श्रद्धालुओं का आवागमन पूजा के लिए होने लगा प्रतिदिन की तरह देवी देवताओं की पूजा अर्चना के बाद भोग लगाया गया। इस दौरान महिला पुरुष ने देखा की भगवान श्री गणेश दुग्ध पी रहे हैं जिसके बाद श्रद्धालुओं का तांता लग गया देखते ही देखते दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर आस्था का केंद्र बिंदु बन गया। महिला पुरुष भक्तों का आवागमन निरंतर जारी रहा। इस दौरान शिवपुरी सहित हजारीबाग शहरी क्षेत्र के सैकड़ों महिला पुरुष इस पावन अवसर पर पुण्य के भागी बने। भगवान श्री गणेश के दुग्ध और जल पीने के मामले पर पूछे जाने पर श्री दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ के अध्यक्ष प्रभात कुमार प्रधान ने बताया कि सुबह महिलाओं ने पूजा अर्चना के दौरान देखा की भगवान श्री गणेश दुग्ध का सेवन कर रहे हैं जिसके बाद खबर पूरे क्षेत्र में फैल गया और देखते ही देखते श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगने लगा आगे उन्होंने कहा की पिछले वर्ष भी श्रावण मास के नागपंचमी को इस मंदिर परिसर में अवस्थित शिव परिवार की प्रतिमा में यह अलौकिक चमत्कार देखने को मिला था। वहीं इस घटनाक्रम के बारे में पूछे जाने पर मंदिर के पुजारी आचार्य जगदीश दास ने कहा की हम सनातनी परंपरा को मानने वाले लोग हैं और हम सभी अपने आराध्य की भक्ति करते हैं इसमें कोई संदेह नहीं की है की भगवान हमारे बीच नहीं हैं बस भाव और विश्वास होना चाहिए आगे उन्होंने कहा की कोई भी धार्मिक स्थल हो भगवान वहां विराजमान हैं और समय समय पर वो अपनी महिमा के माध्यम से अपनी उपस्थिति दिखाते रहते हैं।

## लालकी माटी मैदान में विश्व आदिवासी दिवस की धूम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : विश्व आदिवासी दिवस चौपारण प्रखंड के लालकी माटी टोला के मैदान में बड़ी ही धूम-धाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम के दौरान बिरसा मुंडा जी की पूजा एवं जीवन परिचय आदिवासी समुदाय और देश के लिए किए गए कार्यों का बखान किया गया। आदिवासी नृत्य और संगीत, आदिवासी समुदाय की परंपराओं के बारे में बताया गया। जिसमें चौपारण प्रखंड के समस्त ग्राम पंचायत में रहने वाले आदिवासी समुदाय के लोगो द्वारा इस कार्यक्रम को मनाया गया। जिसमें ताजपुर मुखिया अभिमन्यु प्रसाद भगत, ताजपुर सचिव नरेश कुमार, चोरदहा मुखिया अर्चना हेंब्रम, पिरामल फाउंडेशन से गांधी फेलो आदित्य और दुर्गेंद्र और जेएमएम अधिकारी, वन अधिकारी और आदिवासी समुदाय के उपप्रमुख धनेश्वर मुंडा और आदिवासी समुदाय के सचिव सुंदर मुंडा के संरक्षण में प्रोग्राम संपन्न हुआ।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि विभाग के स्नातक विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में बीएससी एग्रीकल्चर के 2020-2024 बैच के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई। मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कृषि विभाग की तारीफ करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र के क्रांतिकारी बदलाव में यहां के विद्यार्थियों का भी महत्वपूर्ण योगदान हो, ऐसी अपेक्षा रखता हूं। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि यह भावुक क्षण है लेकिन इस बात की खुशी है कि हमारे ये होनहार विद्यार्थी अपने सफल मार्ग की ओर बढ़ते हुए सफलता की मंजिल हासिल कर विश्वविद्यालय ही नहीं बल्कि अपने क्षेत्र, राज्य और देश का भी नाम भी रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और उन्नत तकनीक के कृषि कार्य आत्मनिर्भरता के साथ साथ आर्थिक मजबूती के लिए अहम साबित होगा। डीन एडमिन डॉ एसआर रथ और डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा ने भी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर उंचा मुकाम हासिल करने की सलाह विद्यार्थियों को दी। वहीं कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार ने कहा कि इन चार वर्षों के दरम्यान विद्यार्थियों ने जो सीखा है, उसे अमल में लाकर सफल जीवन का आधार बनाए, यही उम्मीद करूंगा। मौके पर कृषि विभाग के अलग-अलग सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसे मौजूद लोगों ने काफी सराहा। बेहतर प्रदर्शन की बुनियाद पर शैलेश कुमार शर्मा को मिस्टर फेयरवेल और सृष्टि संजुला को मिस फेयरवेल चुन गया। इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। बैलुन प्रतियोगिता के लिए अंशु पाण्डेय, कप प्रतियोगिता में कशिश कुमारी और कुर्सी डांस प्रतियोगिता में मनोज कुमार ने बाजी मारी। कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एसपी विश्वकर्मा, प्रभात किरण व फरहीन सिद्दीकी ने भी विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। मंच संचालन रिया एक्का, पल्लवी सिंह और पूजा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया।

संक्षिप्त खबरें

## विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर वन विभाग ने चलाया पौधरोपण कार्यक्रम



**बरही** : विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर वन विभाग द्वारा वनरोपण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर वन विभाग ने खोड़ाहर के जतरा मेला टॉंड में दर्जनों पौधा लगाया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि एसीएफ ए के परमार उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि विश्व के आदिवासी आदिकाल से प्रर्यावरण की रक्षा करते आ रहे हैं, आज इस अवसर पर पौधा रोपण कर एक संदेश देने का काम किया गया, क्योंकि प्राकृतिक को बचाना आदिवासियों का जीवन शैली में निहित है। मौके पर एसीएफ ए. के. परमार के अलावा वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह, फोरेस्टर अमर आनंद, एसबीओ दीपक यादव, मोनी टोप्पो, अनिता कुजूर, पार्वती देवी, मालती देवी, राजमणि देवी, लालमुनि मिंज, उर्मिला टोप्पो, सुरभि तिर्की, बिरसी देवी, तेलों देवी, सुगन देवी, टुनि देवी, रितु लिंडा, बिचनी देवी, शम्भू उरांव, रौशन उरांव, चरखु उरांव, दुर्गा उरांव, दीपक उरांव, जतरु उरांव, सुकरा उरांव, टिकेंद्र उरांव, रंजीत मिंज, मनीष उरांव, महादेव बाड़ा, अशोक बाड़ा, शशि बाड़ा, सुखदेव उरांव, बीरेंद्र उरांव मौजूद थे।

## युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बरही** : युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष मनोहर यादव के नेतृत्व में अनुमंडलीय कार्यालय बरही के सामने वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बरही प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत कुमार, बरही विधानसभा सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर आकाश भारती, विधानसभा महासचिव फिरदोष खान, रसोईया धमना पंचायत अध्यक्ष सरफराज अहमद, पवन कुमार, प्रभु कुमार मौजूद रहे। उन्होंने पेड़ लगाया और पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। उसके साथ युवा कांग्रेस शपथ लिया कि हम त्याग न्याय शांति धर्म विज्ञान समृद्धि और सत्य के रास्ते पर चलेंगे हम देश की बहुत संस्कृति भारतीय धार्मिक एवं क्षेत्रीय विविधताओं के ढांचे के सद्भावना एवं सर्वधर्म संभावना के सिद्धांत को बनाए रखेंगे। हम समाज के लिए आज नासूर बनी विभिन्न सामाजिक कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा घरेलू हिंसा कन्या भ्रूण हत्या नशाखोरी आदि को जड़ मूल से दूर करने का प्रयास करेंगे। हम पोलियो, टीवी जैसे घातक बीमारियों पर कुठारा घाट करके देश को उनसे मुक्ति दिलाएंगे। हम एचआईवी एडस जैसे बीमारियों के उन्मूलन के लिए सही जानकारी का प्रचार प्रचार करेंगे। साथ ही जो इन बीमारियों से पीड़ित है उनकी मदद करेंगे। हम समाज के प्रत्येक वर्ग विशेष कर महिलाओं एवं शोषित वर्ग के विकास एवं उत्थान के लिए कार्य रहेंगे। हम आतंकवाद के संपूर्ण विनाश तक इसका मुकाबला करते रहेंगे। हम सामाजिक उत्थान से संबंधित कार्यों जैसे रक्तदान वृक्षारोपण आदि कार्यक्रमों को नियमित रूप से हम चलते रहेंगे। हम युवाओं से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा अपने महान नेताओं के सपनों को साकार करते हुए राष्ट्र निर्माण का कार्य करते रहेंगे हम भारत वर्ष को विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाने के लिए वचनबद्ध हैं। इसलिए इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे हम पूर्ण रोजगार के स्वप्न को सरकार करने के लिए निरंतरण प्रयास जारी रखेंगे। हम भारत की जनसंख्या वृद्धि की रोकने के लिए होने वाले प्रयासों में हर संभव सहायता करेंगे। हम ऊर्जा संरक्षण की दिशा में कार्यरत रहेंगे। हम निखरता को भारत से मिटाने के लिए वचनबद्ध हैं इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

## जागृति महिला संघ ने एचआईवी संक्रमित बच्चों के बीच किया बैग वितरण



**बड़कागांव** : पकरी बरवाडीह एवं बादम कोयला खनन परियोजना की स्वयंसेवी संस्था जागृति महिला संघ के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय बनहा, हजारीबाग में बच्चों को बीच स्कूली बैग वितरण किया गया। इस स्कूल में सैकड़ों की संख्या में एचआईवी संक्रमित बच्चे पढ़ते हैं जिन्हें प्रोत्साहित करते हुए महिला संघ के द्वारा बैग वितरण किया गया। बैग मिलने के बाद बच्चों के चेहरे पर खुशी कि झलक दिखाई दी और उत्साहित होते हुए सभी ने कहा कि हम और मेहनत से पढ़ाई करेंगे। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा शिक्षा के साथ-साथ इन बच्चों के लिए रहने खाने की व्यवस्था की गई है जहां उनका देखभाल भी किया जाता है। आवासीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जागृति महिला संघ ने विद्यालय प्रबंधन को जरूरत अनुकूल राशन सामग्री मुहैया करवाया जिससे बच्चों का बेहतर पौष्टिक आहार मिल सके। पकरी बरवाडीह परियोजना की नैगमिक सामाजिक विभाग के सहयोग से जागृति महिला संघ की सदस्यों ने विद्यालय की प्राचार्या को सौंपा। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब जागृति महिला संघ के द्वारा एचआईवी संक्रमित बच्चों के लिए इस तरह के समान या अन्य सहयोग दी गई है। इससे पहले भी महिला संघ की सदस्यों के द्वारा कई मौकों पर बच्चों के लिए खाद्यान्न, घरेलू सामान जैसी कई चीजे विभिन्न अंतराल पर दी जाती रही है। इस मौके पर जागृति महिला संघ की अध्यक्षा तजीऩ फैज, उप अध्यक्षा मीनाक्षी श्रीवास्तव एवं संघ के अन्य वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहीं ।

## पंचायत समिति सदस्य ने नए ट्रांसफार्मर का फीता काटकर किया उद्घाटन



**बड़कागांव** : प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम सोनपुरा में बिजली की समस्या को दूर करने को लेकर ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका उद्घाटन पंचायत समिति सदस्य रंजीत चौबे द्वारा किया गया। रंजीत चौबे ने बताया कि 10 दिन पूर्व भारी बारिश के दौरान ट्रांसफार्मर जल गया था। जिस कारण ग्रामीणों को बिजली की काफी समस्याएं हो रही थी। इस मौके पर सुधीर कुमार चौबे, नीरज चौबे, सूरज चौबे, तूफानी चौबे, विकास चौबे, जीतन राम, कारू राम, द्वारका राम, राजू राम, प्रकाश महतो, ईशर महतो, कारू महतो आदि के साथ-साथ इस अवसर पर वहां के ग्रामीण मौजूद थे।

हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • शनिवार • 10.08.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 22 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

झारखंड आदिवासी महोत्सव का राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ, 12 पुस्तकों का भी हुआ विमोचन

# आदिवासी समाज कैसे आगे बढ़े, इसके लिए सभी को मिलकर करना होगा प्रयास : हेमन्त सोरेन













प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर राज्य में तीसरी बार झारखंड आदिवासी महोत्सव का भव्य आयोजन हो रहा है। यह महोत्सव मात्र नहीं, बल्कि अपनी प्राचीन और समृद्ध जनजातीय सभ्यता- संस्कृति और विरासत को संजोने, संवारने और देश-दुनिया में पहचान दिलाने का प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्यभर में हर्ष, उल्लास और उत्साह के साथ आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए आदिवासी अपनी सभ्यता और संस्कृति की चमक बिखेर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आदिवासी महोत्सव आदिवासी जीवन दर्शन और कला-संस्कृति को अलग पहचान देने का एक बड़ा माध्यम बन रहा है। यहां आयोजित हो रहे आदिवासी महोत्सव में हमें आदिवासियों की कला-संस्कृति, परंपरा, गीत-नृत्य और उनकी वेशभूषा से रूबरू होने का मौका मिल रहा है। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान, रांची में दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव-2024 का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई दी।

### जनजातीय सभ्यता दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय सभ्यता दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता है। आदि काल से ही आदिवासियों की सभ्यता -संस्कृति और परंपरा काफी समृद्ध रही है। दुनिया में अलग-अलग हिस्सों में आदिवासी समुदाय वास करते हैं, लेकिन उनके सभ्यता-संस्कृति में कहीं न कहीं एकरूपता देखने को मिलती रहती है। जनजातीय कला-संस्कृति और परंपरा को सुरक्षित करने के साथ समृद्ध करने की जरूरत है, ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बना रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सदियों से वीरों और शहीदों की धरती रही है। चाहे आजादी के पहले की बात हो या आजादी के बाद अथवा झारखंड अलग राज्य के लिए चली लंबी लड़ाई। भगवान बिरसा मुंडा, सिदो कान्हू, भैरव-चांद, फूलो झानो, नीलाम्बर पीताम्बर, तिलका मांझी, शेख भिखारी, बुधु भगत, टाना भगत, निर्मल महतो और विनोद बिहारी महतो जैसे अनेकों वीर हुए हैं, जिन्होंने अन्याय-शोषण, आदिवासी-मूलवासी के हक-अधिकार और जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए अपनी कुबार्नी दे दी।

### आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने का सभी मिलजुल कर प्रयास करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासियों को बहुत संघर्ष के बाद मुकाम हासिल होता है। इसके लिए उन्हें एक लम्बी लड़ाई लड़नी होती है। ऐसे में आदिवासी समाज कैसे आगे बढ़े, इसके लिए सरकार तो प्रयास कर ही रही है। आपको भी अपनी भूमिका निभानी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार से जनता को काफी उम्मीदें हैं। हम जन आकांक्षाओं को पूरी ताकत के साथ पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। इस सिलसिले में सरकार की ओर से अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं के जरिए राज्य की जनता को सशक्त और स्वावलंबी बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपरीत चुनौतियों के बीच राज्य में विकास को नया आयाम देने का कार्य कर रहे हैं, ताकि आने वाली पीढ़ी को एक बेहतर भविष्य दे सकें।

### 12 पुस्तकों का विमोचन 257 लोगों को मिला सामुदायिक वन पट्टा

इस महोत्सव में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, अध्यक्ष राज समन्वय समिति-सह- राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और मंच पर मौजूद अन्य गणमान्यों ने डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित 12 पुस्तकों का विमोचन किया। वहीं, 257 लोगों के बीच 73 हजार 5 सौ 83 एकड़ सामुदायिक वन पट्टा का वितरण किया गया। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने आदिवासी प्रदर्शनी शिविर और आदिवासी चित्रकार शिविर का उद्घाटन और अवलोकन किया।

## पेसा कानून को झारखंड में जल्द लागू कराएं सीएम हेमन्त : राज्यपाल



**रांची :** राज्यपाल संतोष गंगवार शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर बिरसा मुंडा स्मृति पार्क में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से राज्य में पेसा कानून जल्द से जल्द लागू करने का आग्रह किया। राज्यपाल संतोष गंगवार ने अपने भाषण में कहा है कि जानजातीय समुदाय की पारंपरिक शासन व्यवस्था की मजबूती के लिए राज्य में पेसा कानून लागू किया जाना आवश्यक है। वर्तमान में देश में झारखंड एक मात्र ऐसा राज्य है जहां पेसा कानून लागू नहीं है। मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह करता हूं कि वह जल्द ही इसे राज्य में लागू कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि आदिवासी समुदाय में दहेज प्रथा जैसी चीजें नहीं है। लेकिन विडंबना यह है कि जनजातीय समाज में डायन प्रथा जैसी कुरीतियां अब भी हैं। जन जागरण लाकर इसे दूर करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मैं सभी से आग्रह करता हूं कि शिक्षा के प्रति और जागरूक बनें। शिक्षा किसी भी समाज के सामाजिक तथा आर्थिक प्रगति में महती भूमिका निभाती है।

## तपोवन मंदिर के नवनिर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए हेमन्त



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को श्री राम जानकी तपोवन मंदिर के नवनिर्माण के लिए प्रस्तावित प्रतिकृति के अनावरण तथा भूमि पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने राज्य की उन्नति, सुख-समृद्धि तथा शांति की कामना की। कार्यक्रम में उनके साथ गांडेय विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने भी हिस्सा लिया। गौरतलब है कि 500 करोड़ की लागत से अगले तीन वर्षों में तपोवन मंदिर का पुनर्निर्माण किया जायेगा। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर का मॉडल बनानेवाले आर्किटेक्ट आशीष सोनपुरा ने ही तपोवन मंदिर की नयी प्रतिकृति तैयार की है।

# राज्यसभा को लोकतंत्र को अस्थिर करने का मंच नहीं बनने दिया जाएगा : धनखड़

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि संसद के उच्च सदन को लोकतंत्र को अस्थिर करने का मंच नहीं बनने दिया जाएगा। श्री धनखड़ ने राज्य सभा के 265वें सत्र के समापन पर कहा कि वह हर सदस्य का बहुत सम्मान करते हैं और किसी के साथ कोई व्यक्तिगत मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए हमारा संकल्प है कि राज्य सभा के पवित्र परिसर को लोकतंत्र को अस्थिर करने की जमीन नहीं बनने दिया जाएगा, यह सभी सदस्यों द्वारा व्यक्त किया गया है, स्वागत योग्य है।



श्री धनखड़ ने सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और भारतीय जनता पार्टी के घनश्याम तिवाड़ी के प्रकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि भोजनावकाश के पश्चात सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित की गई। श्री खड़गे और श्री तिवाड़ी की उपस्थिति में पूरा मामला सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया था। उन्होंने कहा, मैंने स्पष्ट रूप से यह विचार मन में रखा कि इस मुद्दे को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल कर दिया गया है और अब इस पर और अधिक विचार करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सदस्यों ने इस मुद्दे पर फिर बहिर्गमन किया है, जो परेशान करने वाला है। सभापति ने इन सदस्यों से आत्मचिंतन करने, राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य के बारे में सोचने, संविधान के तहत अपनी शपथ पर विचार करने तथा आगामी सत्रों में रचनात्मक तरीके से जोरदार भागीदारी के लिए तैयार होने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि श्री तिवाड़ी के साथ इस मुद्दे पर अलग से कोई चर्चा नहीं की गयी है। उन्होंने कहा कि कर्तव्य का पालन किसी भी व्यक्तिगत चोट या भावनाओं से ऊपर है। सदन में कुछ मुद्दों पर, राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर, दलीय हितों से ऊपर उठकर, द्विदलीय होकर, देश और दुनिया को यह संदेश दें कि यह देश लोकतंत्र की जननी है और सबसे पुराना तथा सबसे बड़ा लोकतंत्र है।

सभापति ने कहा, मैं सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए काम करना जारी रखूंगा, ताकि उन्हें अवसर मिले, वे अपना संवैधानिक कर्तव्य निभा सकें और अपनी ऊर्जा, विशेषज्ञता और अनुभव का उपयोग भारत के कल्याण के लिए व्यापक जन सेवा में कर सकें। उन्होंने कहा कि सदन से बहिर्गमन करने वाले सदस्य उच्च सदन, सदन की गौरवशाली परंपरा को ध्यान में रखते हुए तथा सदन के सदस्यों से लोगों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्र के विकास के लिए किस प्रकार कार्य करना चाहिए, इस पर गहन आत्मचिंतन करें तथा अपने भीतर आत्मंथन करें।

## दिल्ली के तिहाड़ जेल से रिहा हुए मनीष सिसोदिया

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया शुक्रवार शाम करीब 6.30 बजे तिहाड़ जेल से रिहा कर दिए गए। बाहर आते ही उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित किया। सिसोदिया ने कहा कि वह अकेले 17 महीने जेल में नहीं रहे बल्कि उनके साथ स्कूल के वह प्रत्येक बच्चे और उनके अभिभावक भी जेल में रहे। आखिर में जीत सत्य की हुई है। जेल प्रशासन के अनुसार सुप्रीम कोर्ट की ओर से जमानत मिलने के बाद उनके पास शाम 5 बजे ऑर्डर आया। कागजी कार्यवाही पूरी करने के बाद उन्हें जेल से रिहा किया गया। सिसोदिया का स्वागत करने के लिए आम आदमी पार्टी से आतिशी, सौरभ भारद्वाज, संजय सिंह के अलावा अन्य नेता पहुंचे। वहीं जेल के बाहर बढ़ती भीड़ को देखते ही पश्चिमी जिला पुलिस ने बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया था। सिसोदिया के बाहर आते ही लोगों ने खूब आतिशबाजी की।

# 13 लाख के इनामी माओवादी जोनल कमांडर को पलामू पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पलामू पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के झरगड़ा गांव से सटे झपिया पहाड़ से प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर सीताराम रजवार उर्फ रमन रजवार (65 ) को गिरफ्तार किया है। सीताराम रजवार माओवादी संगठन के 15 लाख के इनामी नितेश यादव के दस्त के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए वहां रुका हुआ था। गुप्त सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस टीम को देखकर मौके से अंधेरे का फायदा उठाकर नितेश का दस्ता भाग निकला, लेकिन सीताराम रजवार पकड़ में आ गया।

एसपी रीष्मा रमेशन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में शुक्रवार को बताया कि सीताराम रजवार के खिलाफ झारखंड और बिहार मिलाकर कुल 51 मामले दर्ज हैं। झारखंड में 10 लाख, जबकि बिहार में तीप लाख का इनाम घोषित था। पलामू जिले में 28 कांडों में वांछित था, जबकि औरंगाबाद और गया जिला के विभिन्न स्थानों में 23 मामले दर्ज हैं। बिहार -झारखंड के 10 महत्वपूर्ण मामलों में सीताराम रजवार की संलिप्तता रही है। उसकी उम्र 65 वर्ष है। करीब 35 से 40 वर्ष से वह माओवादी दस्ते में शामिल था। उसके खिलाफ वर्ष 1995 में पहला मुकदमा दर्ज किया गया था। उसके पास से उसके सहयोगी माओवादी नक्सली राजेंद्र सिंह के द्वारा भेजी गई एक चिट्ठी मिली है। अपने रास्ते में वह एके-56 लेकर चला करता था। पुलिस को लंबे समय से सीताराम रजवार की तलाश थी। पुलिस इसे बड़ी सफलता मान रही है। उल्लेखनीय है कि हार्डकोर नक्सली सीताराम रजवार उर्फ रमन रजवार सलैया, थाना एनटीपीसी खैरा, जिला औरंगाबाद बिहार का रहने वाला है। वर्तमान में प्रतिबंधित माओवादी संगठन में जोनल कमाण्डर के पद पर था। उसे जोन नंबर-2 का कमान सौंपा गया था, जिसके अंतर्गत छत्तरपुर- हुसैनाबाद मुख्य सड़क के उत्तर दिशा छत्तरपुर से देवरी की सिमेंट फैक्ट्री तक का उत्तरी क्षेत्र, जिसमें छत्तरपुर से हरिहरगंज होते हुए अंबा से कुटुम्बा के बीच के क्षेत्र का जिम्मा मिला था।

# आदिवासी समाज का प्रकृति संरक्षण में है महत्वपूर्ण योगदान : फॉदर अरुण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बोकारो इस्पात नगर जनवृत १/स स्थित संत जेवियर्स विद्यालय में ०९ अगस्त २०२४ , दिन शुक्रवार को भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दिन को हम झारखंड वासी आदिवासी दिवस के रूप में मनाते हैं जो कि आदिवासी समाज के संस्कृतिक गौरव एवम श्रद्धा को बखूबी दशार्ता है। प्रधानाचार्य महोदय फॉदर अरुण ने आदिवासी समाज का बखान करते हुए पाँच प्रमुख आदिवासी समूह के विषय में बताया कि ये प्राकृतिक संरक्षण में अहम भूमिका निभाते है। कार्यकम का संचालन रीशॉन, शरबीन,स्वस्तिका, रुद्रांश, नितिन व वर्षिका ने बखूबी किया। निर्णायक मंडली के रूप में सुनीता मिंज, एंजेलस, रजिता एक्का एवं सुप्रिया मनीषा होरो कार्यकम में सम्मिलित हुए। कार्यकर्म में विभिन्न हाउस के बच्चों ने विभिन्न क्षेत्रों के आदिवासी समाज के नृत्य को प्रस्तुत किया जिसमें कर्मा नृत्य, झूमर नृत्य शामिल है जो कि सामूहिक एकता, प्रकृति व प्रेम का समाज के समक्ष अनोखा संदेश देता है। आज के कार्यकर्म का मुख्य आकर्षण का केंद्र शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत किया गया ₹जानी शिकार₹ नृत्य रहा। यह हर बारह वर्ष पर आयोजित किया जाता है। इसमें केवल महिलां ही शिकार पर निकलती है। कार्यक्रम के अंत में सभी निर्णायक गण ने अपने भाव प्रकट करते हुए बताया कि यह कला और शिक्षा का जोड़ विद्यार्थियों के लिए काफी महत्वपूर्ण है और जेवियर्स बोकारो पहला विद्यालय है जो आदिवासी दिवस को इतने भाव व सलीके से मना रहा है।




## संक्षिप्त खबरें

### नीलकंठ रवानी ने मीडिया प्रभारी बनाये जाने पर जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर का जताया आभार




**धनबाद :** धनबाद जिला भारतीय जनता पार्टी के जिला मिडिया प्रभारी नीलकंठ रवानी को बनाये जाने पर भाजपाईयो ने हर्ष व्यक्त किया है। नीलकंठ रवानी ने मिडिया प्रभारी बनाये जाने पर जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर को आभार जताया है। धनबाद सांसद ढुल्लु महतो ने श्री रवानी को मृदुभाषी परिपक्व सांगठनिक नेता बताया। निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने रवानी के मिडिया प्रभारी बनने पर युवा कार्यकताओं मे नयी जोश एंव सांगठनिक तौर पर उल्लासमय वातावरण का माहौल बनेगा। सिन्दरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी तारा देवी रवानी भाजपा संगठन मे उभरते सितारे के रुप मे संगठन मे अहम भूमिका निभायेगें। प्रदेश कार्य समिति सदस्य कहा ज्ञानरंजन सिन्हा ने कहा कि रवानी ग्रामीण क्षेत्र के पुराने सांगठनिक नेता हैं इनके बनने से संगठन मे एक नयी जोश पैदा होगी। धर्मजीत सिंह ने कहा कि रवानी निकट विधानसभा मे अपनी परिपक्वता का परिचय देते हुए संगठन मे मजबुती देने का काम करेंगे । बधाई देने वालो मे मुख्य रुप से नंदलाल अग्रवाल , कमलाकांत माहथा, निताई रजवार , मोहन कुम्हार , रामप्रसाद महतो, सागर ओझा , राजेश चौधरी , कविता वर्णवाल , रंजित सिंह ,असिम दत्ता , बाबुलाल महतो , लक्ष्मीकांत सिन्हा , सरोज महतो , राकेश चौधरी , आदित्य तिवारी, सहित दर्जनों नेताओं ने बधाई व शुभकामनाएँ दी।बंद आउट सोसिंग के मजदूरो ने किया प्रदर्शन,वार्ता में प्रबंधन ने चालू करने का दिया आश्वासन

### कोयला खनन पर स्थानीय युवकों को देना होगा रोजगार, नहीं तो एक छटांक कोयला नहीं जाएगा : कारु



**धनबाद :** फुलारीटांड में संचालित संजय उद्योग आउटसोर्सिंग कंपनी के मजदूरो ने झामुमो नेता कारु यादव के नेतृत्व में गुरुवार को बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान मजदूरो ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर झामुमो नेता कारु यादव ने कहा कि मजदूरो को बिना जानकारी के ही हाजरी पर रोक लगाकर नो वर्क नो पे का नोटिस लगाकर कंपनी में कार्यरत लगभग 160 मजदूरो के पेट पर लात मारा रही है। कंपनी को चालू कर मजदूरो को बहाल नही किया गया तो एक छटांक कोयला यहां से ट्रांसपोटिंग नही होने दिया जाएगा। बाद में क्षेत्रीय कार्यालय में आंदोलन कर रहे मजदूरो के साथ प्रबंधन ने वार्ता की। वार्ता में महाप्रबंधक पीयूष किशोर ने सभी मांगो पर पहल करते हुए कहा कि दो दिनों के अंदर आउट सोसिंग का कार्य शुरू कर मजदूरो को बहाल करने का आशवासन दिया। जिसके बाद मजदूरो आंदोलन समाप्त किया। झामुमो समर्थक राजकुमार यादव,प्रदीप यादव,रॉकी मोदक,लखन महतो,नरेश गोप,मंटू यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में किया परेड का पूर्वाभ्यास



**धनबाद :** स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर शुक्रवार से शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में परेड का पूर्वाभ्यास किया गया। इस मौके पर डीएपी व एनसीसी के दो – दो प्लाटून तथा सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, जेएपी, होमगार्ड, आरपीएसएफ व भारतीय स्काउट एंड गाइड के एक – एक प्लाटून ने परेड में हिस्सा लिया। 13 अगस्त तक परेड का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। वहीं कोलफील्ड स्कूल, सरायढेला के छात्रों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। 13 अगस्त को उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रणधीर वर्मा स्टेडियम में परेड के पूर्वाभ्यास व समारोह की तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। यहां पूर्वाह्न 9 :05 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके बाद धनबाद समाहरणालय में 10 :00 बजे पूर्वाह्न, अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में 10 :20 बजे पूर्वाह्न, मिश्रित भवन में 10 :30 बजे पूर्वाह्न, गांधी सेवा सदन 10 :45 बजे पूर्वाह्न, रेड क्रॉस सोसाइटी में 11 :00 बजे पूर्वाह्न तथा पुलिस लाइन धनबाद में 11 :10 बजे पूर्वाह्न में झंडोत्तोलन किया जाएगा।

### पिट्स मॉडर्न स्कूल में अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन



**बोकारो :** सत्र 2024-25 के लिए जूनियर विद्यार्थी परिषद के सदस्यों का गठन किया गया । विद्यालय के उप-प्राचार्या डॉ विनीता पटनायक पाढ़ी के द्वारा नवनियुक्त प्रीफेक्ट को बैच पहनाकर व अलंकृत कर शपथ दिलवाया गया। कक्षा प्रथम अ से छात्र अनीश यादव एवं लक्ष्य प्रजापति , कक्षा प्रथम ब से कार्तिक कुमार एवं दीया श्री, कक्षा प्रथम स से आदित्य कुमार एवं दर्शिता राजपूत , कक्षा द्वितीय अ से अभिनव सिंह एवं श्रेया , कक्षा द्वितीय ब से रौनक सिंह एवं अमृता ज्योति, कक्षा द्वितीय स से आयुष्मान गुप्ता एवं सौम्या तिवारी आयुष्मान गुप्ता एवं सौम्या तिवारी, कक्षा तृतीय अ से अयानशी व आर्यन अग्रवाल , कक्षा तृतीय ब से स्वरा शरण व सुशांत कुमार रविदास, कक्षा तृतीय स से अयेशा व केशव विश्वकर्मा, कक्षा तृतीय द से शिम्बुल अफ़्रीम व रियान अंसारी, कक्षा चतुर्थ अ से दृष्टि नंदिनी व पुष्प रंजन , कक्षा चतुर्थ ब से इशिता रानी व हिमांशु , कक्षा चतुर्थ स अलिशबा इस्लाम व आराव राज, चतुर्थ द से दिव्या रानी व आराग्या प्रकाश, कक्षा पंचम अ से मैथिली ठाकुर व अभिषेक हंसदा, कक्षा पंचम ब से आयुषी डे व आरिज हुसैन, अच्छा पंचम स से काव्य कुमारी व तेजस जायसवाल को प्रीफेक्ट के लिए चयन किया गया है। विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने प्रीफेक्ट को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि एक अच्छे लीडर को अपने टीम के प्रति ईमानदार होना चाहिए । अभिषेक विश्वास आईपीएल ओरिका गोमिया के महाप्रबंधक एवं अरिंदम दास गुप्ता विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दिए एवं उज्जवल भविष्य की कामना भी किए।

## एक नजर

### अगस्त क्रांति दिवस को याद करते हुए शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**बोकारो :** 9 अगस्त क्रांति या भारत छोड़ो आंदोलन दिवस पर बोकारो जिला सर्वोदय मंडल को ओर से जिला अध्यक्ष अदीप कुमार की अध्यक्षता में सेक्टर 4 गांधी चौक स्थित गांधी मूर्ति के समक्ष श्रद्धांजलि व गोष्ठी का कार्यक्रम किया गया। उपस्थित लोगों ने अगस्त क्रांति के प्रनेता महात्मा गांधी के मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई व उनके मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प लिया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारत में हर साल 9 अगस्त को अगस्त क्रांति दिवस मनाया जाता है जो भारत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। यह 1942 के उस ऐतिहासिक दिन की याद दिलाता है जब महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन से भारत की तत्काल स्वतंत्रता के आह्वान के रूप में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया था। यह आंदोलन एक महत्वपूर्ण सविनय अवज्ञा आंदोलन था। महात्मा गांधी ने ₹करो या मरो₹ का आह्वान करते हुए लोगों से अहिंसक तरीके से अंग्रेजों से देश छोड़ने की मांग की अपील की। उन्होंने ब्रिटिश सरकार और संस्थाओं के साथ पूर्ण असहयोग करने और बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन और हड़ताल करने का आह्वान किया। आंदोलन को ब्रिटिश अधिकारियों से तीव्र दमन का सामना करना पड़ा, जिसके कारण स्वतंत्रता आन्दोलन के प्रमुख नेताओं और कार्यकताओं की सामूहिक गिरफ़्तारी हुई। कठोर दमन के बावजूद, भारत छोड़ो आंदोलन ने लाखों भारतीयों को औपनिवेशिक शासन को उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

### सरना स्थल पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**बोकारो :** सेक्टर 12 स्थित सरना स्थल में सरना विकास समिति की ओर से विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि बोकारो इस्पात संयंत्र महाप्रबंधक नगर सेवाएं राज कुमार पात्रों ने वृक्षारोपण कर किया। महिला-पुरुष आदिवासी समाज की वेशभूषा में मांदर-नगाड़ा की धुन पर थिरकते रहे। पुजारी सुभाष पाहन आदिवासी समाज रीति-रिवाज अनुसार पूजा अर्चना किए। इसके बाद सभी वक्ताओं ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजू सामंता व संचालन उपाध्यक्ष बलदेव उरांव ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में गुलाब चंद्र उरांव उपस्थित थे। इस दौरान कुलदीप तिर्की, ओमप्रकाश भगत, नकुल उरांव, विनय उरांव, विश्वनाथ उरांव, शंकर उरांव, अर्जुन उरांव, सिकंदर टोप्पो, सुनील उरांव, विष्णु, सूयार्कांत कच्छप, पतरस उरांव, नरायण उरांव, जगरनाथ उरांव, चमन उरांव, रंजीत केरकेट्टा, सौहदरी भगत, पलहो उरांव, वीना उरांव, तनु तिर्की, पूनम उरांव, पुष्पा उरांव सहित कई महिलाएं शामिल थे।

## प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने की बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कतरास (धनबाद) :** प्रेस क्लव कतरास के पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की प्रेस क्लव कतरास का अधिकृत ग्रुप संचालित करने का निर्णय लिया गया, साथ ही इस अधिकृत ग्रुप के अलावा यदि अन्य कोई ग्रुप किसी के द्धारा संचालित किया जाता है तो उस ग्रुप को अवैध माना जायेगा। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि क्लब को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए। कार्यकारणी सदस्य एवं एक प्रवक्ता का मनोनयन करने का निर्णय लिया गया। क्लव का कार्य सुचारू रूप से चले इसके लिए महीना के प्रारम्भ 1-5 तारीख के बीच बैठक करने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया की किसी तरह की विवादो का निपटारे के लिए तीन सदस्य का कमेटी बनाया जयेगा। सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि क्लब को विस्तार करने के लिए नये सदस्यों को जांचोपरांत सदस्य बनाया जायेगा। सर्वसहमती से निर्णय लिया गया कि क्लब की बैठक एवं कार्यक्रम से लगातार तीन बार अनुपस्थित रहने वाले सदस्य की सदस्यता स्वतः समाप्त मानी जायेगी। सर्वसहम्मती से निर्णय लिया गया की नये सदस्य को क्लब की सदस्यता ग्रहण करने के लिए पांच सौ 500/- रु. जमा करना होगा जो तीन साल के लिए मान्य होगा,(8) सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्लव के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस 'का झंडोत्तोलन किया जायेगा।

## शासन- प्रशासन हमारा है, सूचना मांगना हमारा अधिकार : जगत महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**धनबाद :** शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय, बाघमारा के परिसर में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले बाघमारा अंचल के विभिन्न राजस्व गांव के लोगो ने सामाजिक कार्यकर्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट जगत महतो के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया । धरना को संबोधित करते हुए श्री जगत महतो ने कहा कि बाघमारा अंचल के रैयत जमीन संबंधी ऑनलाइन प्रविष्टि, राशिद कटने, सुधार, जमीन विवाद में नापी आदि समस्या से जूझ रहे है। लोगो का काम सुगमता नहीं हो रहा है । अंचल कार्यालय में बिचौलिया तंत्र हावी है। चाहे लोग इसके लिए अंचल कार्यालय में शिकायत दर्ज कराए हो या सरकार के निदेर्शानुसार शिविर में अपना अपना शिकायत आवेदन जमा किए, उनके आवेदन पर विभाग द्वारा निष्पादन नहीं किया जा रहा है । लोग दो तीन वर्ष से छोटी छोटी मामला में अंचल कार्यालय का चक्कर काटकर परेशान होकर आज से धरना में बैठे है । आरटीआई के तहत भी लोगो को उनके दिए आवेदन पर विभागीय कारवाई से संबंधित सूचना उपलब्ध नहीं कराई जाती है । राज्य सरकार का म्यूटेशन, जमीन को ऑनलाइन करने की सर्कुलर से भी लोगो को अवगत नहीं कराया जाता है । कई ऐसे मामले भी लोगो को परेशान कर रहे है : पूर्व अंचल अधिकारयों ने जीन जमीन का म्यूटेशन, दाखिल खारिज कर दिया और लोगो का ऑफलाइन जमीन का राशिद कटता आ रहें है अथवा नया वैसे जमीन के मामले जिसका नया पर्चा में रैयत के खतियान जारी हुई है अथवा बंदोवस्ती हो गई वैसे खाते की जमीन का ऑनलाइन राशिद काटने में लोगो को विभाग द्वारा अनावश्यक परेशान किया जाता है । ऐसे ही रैयत ज्यादा धरना में है । धारनार्थियों से मिल कर सीओ ने धरना देने से किया मना, सभी का काम शीघ्र करने का दिया आश्वासन परंतु लोगों ने सीओ से कहा जब तक हमालोगो की जमीन संबंधी समस्या का निदान नहीं होगा तब तक रोज कार्य दिवास में धरना में बैठेंगे ।

## चास के दर्जनों युवाओं ने थामा लोक जनशक्ति पार्टी का दामन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** चास स्थित मारवाड़ी पंचायत धर्मशाला मोड में लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) द्वारा आयोजित मिलन समारोह कार्यक्रम में दर्जनों युवाओं एवं युवतियों ने पार्टी का दामन थामा। रवि चौबे द्वारा लोक जनशक्ति पार्टी की सदस्यता के बाद बोकारो में पार्टी के प्रति युवाओं का रूझान बढ़ा है। शामिल हुए सदस्यों ने रवि चौबे के नेतृत्व में शुक्रवार को पार्टी की सदस्यता ली। रवि चौबे ने कहा कि एक साथ दर्जनों युवक-युवतियों के शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिली है। कहा कि लोगों ने पार्टी की नीति-नीयत को देखते हुए अपनी आस्था व्यक्त की। युवा नेता रवि चौबे ने सम्मिलित हुए सभी नए सदस्यों का दिल से आभार प्रकट किया और बोला कि बहुत जल्द ही आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व में लोक जनशक्ति पार्टी राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त करेगी. प्रदेश में वीरेंद्र प्रधान के नेतृत्व में पार्टी जनता के आशीर्वाद और प्यार के साथ प्रदेश के सभी 24 जिला में मजबूत होगी। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कपिल पासवान, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रमोद सिंह, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जी.पी सिंह, प्रदेश सचिव सतीश कुमार, प्रदेश एससी-एसटी प्रकोष्ठ के अशोक सोरेन, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सचिव आरिफ हुसैन, खेल प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बासुदेव, जिला अध्यक्ष अनिल पासवान, नगर अध्यक्ष सुमन पासवान, श्रमिक प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष रंजन पासवान व अन्य जिला पदाधिकारीगण ने सदस्यों का सदस्यता ग्रहण कराया. वरिष्ठ उपाध्यक्ष कपिल पासवान ने कहा कि पार्टी में सभी का एक समान दर्जा है। युवाओं के जुड़ने से पार्टी मजबूती मिली है।

## शंकर रवानी हत्याकांड की परत दर परत खुलती जा रही है गुत्थी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** हरला थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े गोलियों की तड़तड़ाहट की गूंज के बीच हुई शंकर रवानी की हत्याकांड की गुत्थी परत दर परत खुलती जा रही है। अभी तक 5 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इस हत्याकांड में शामिल अप्राथमिकी अभियुक्त बिरेंद्र प्रसाद की अपराध स्वीकारोक्ति बयान के बाद पुलिस की जांच में अवैध शराब कारोबार का भी खुलासा हुआ। पुलिस अधीक्षक द्वारा सिटी डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व गठित छापेमारी दल ने सेक्टर 12 थाना क्षेत्र अंतर्गत हनुमान नगर, सतनपुर स्थित संजय सिंह के गोदाम में छापेमारी की। छापेमारी दल ने जहां से सुजुकी अर्टिगा कार (जेएच 05 सीएच 8101) से 4 पेटी अवैध शराब बरामद किया। इसके साथ ही शराब को विभिन्न राज्यों एवं शहरों तक पहुंचाने वाली टोयोटा फॉर्चुनर तथा महिन्द्रा थार जप्त किया। इस हत्याकांड को लेकर पहले हुई छापेमारी दूसरे मकान से हथियार सहित अवैध शराब पेटी भी बरामद हुई थी। अवैध शराब का कारोबार के दम पर खड़ा किया आलीशान मकान और गाड़ियों का जखीरा-पुलिस उपाधीक्षक नगर आलोक रंजन ने बताया कि शंकर रवानी हत्याकांड में अभियुक्त संजय सिंह ने अवैध शराब का कारोबार कर सतनपुर स्थित हनुमान नगर में आलीशान मकान बनाया है। ना सिर्फ मकान बनाया है बल्कि 6-7 चार पहिया वाहन भी खरीदी है। इन वाहनों का उपयोग शराब की पेटियां तथा संगठित अपराधियों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए किया जाता था। उन्होंने कहा कि संगठित अपराध में सम्मिलित अपराधियों के रहने, खाने, ठहरने आदि की व्यवस्था इस मकान में की जाती थी। अवैध शराब की कमाई से ही ऐसे अपराधियों का खर्चा उठाया जाता था।

## बच्चों को भारतीय संस्कृति और सभ्यता की भी जानकारी दें : प्राचार्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 बोकारो में मानसून के महीने के चार प्रमुख बिंदुओं पर केंद्रित वर्षा ऋतु, इन्द्रधनुष, श्रावणी मेला, कृषि एवं किसान से सम्बन्धित अनुभव आधारित शिक्षण के अंर्तगत मानसून फिस्ता- 'मल्हार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बालवाटिका- 1,2, एवं 3 तथा कक्षा पहली और दूसरी के नन्हें मुन्ने बच्चों ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर नन्हें मुन्नों सहित सभी शिक्षक-शिक्षिका नीले रंग के परिधान में विद्यालय आए। कक्षा पहली के बच्चों ने बोलबम के नारों की साथ साथ में कांवर लेकर शिव की स्तुति करते हुए यात्रा किया। कक्षा दूसरी के छात्रों ने इस मौसम में खेती करते हुए किसान, बीज बोते हुए अपनी खुशियों को प्रकट करते हुए तथा ईश्वर को धन्यवाद किया। इन बच्चों ने बारिश में भींगते हुए तथा छाता लगाकर मस्ती में झूमते हुए गीत गाए। इन बच्चें ने प्रकृति के विभिन्न छटाओं को दिखाने का प्रयास किया । शिक्षिका भावना घले व अराधना के निर्देशन में बाल वाटिका के छात्रों ने नीले आसमान की उन सारी चीजे जो कि इस मौसम में दिखाई देते है, सतरंगी रंगों वाली इंद्रधनुष, काले-काले बादल, तारें, सूर्य, चंद्रमा आदि को दिखाया, शिक्षिका सोनिया ने इस मौसम में जो लोग भगवान शिव के प्रति आस्था को एवं कावरियों के उत्साह, राह में तत्पर सेवकों द्वारा कावरियों के लिए जो व्यवस्था की जाती है उन सबको दिखाया गया। श्रावणी मेला विश्व की प्रमुख मेला में से एक है , जो एक महीने तक चलती है। इस मेले का बहुत महत्व है। शिक्षिका रूबी यादव ने इस मानसून के आगमन पर भारतीय किसान को कर्मवीर के रूप में दिखाया। जो कि अपने परिवार के साथ खेतों में बीज रोपण करते हुए सामूहिक रुप से गीत गाते है और ईश्वर को धन्यवाद देते है। किसान अपने हल, कुदाल तथा पूरे परिवार के साथ खुशी से मेहनत करते हुए गीत गाते है । कार्यक्रम के अंत में सभी इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुराधा सिंह ने सभी शिक्षकों की प्रशंसा की जिन्होंने इतने कम समय में बच्चों को तैयार कर प्रकृति के विभिन्न रूपों को गतिविधियो से सिखाने का प्रयास किया । उन्होंने अभिभावकों के सहयोग की तत्परता के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों में भाग लेने से बच्चों का सर्वांगीण विकास तो होता है साथ ही वे अपनी संस्कृति और सभ्यता को भी भलीभांति जान पाते है । इस कार्यक्रम में झूमा चक्रवर्ती, स्वरुप कुमार नाथ, सहयोग किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

# कांके रोड सरना समिति ने चांदनी चौक से मुख्यमंत्री आवास तक किया पैदल मार्च

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** कांके रोड सरना समिति ने शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर पारंपरिक वेश-भूषा, ढाक तथा नगाड़ों के साथ कांके रोड चांदनी चौक से मुख्यमंत्री आवास तक पैदल मार्च किया। मौके पर कांके रोड सरना समिति के अध्यक्ष डब्लू मुंडा ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस के दिन आदिवासी समाज गर्व महसूस करता है।

### आदिवासियों को सरना कोड नहीं मिलना दुःखद

यह दुख की बात है कि आजादी के 75 साल होने के बाद भी आदिवासियों को अपना मूल पहचान नही मिला है। वहीं, कार्यकारी अध्यक्ष शशि मुंडा ने




कहा कि अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाने का असली मकसद आदिवासियों को एक सूत्र में बांधना और अपने धार्मिक-सामाजिक हक और अधिकार के प्रति जागरूक करना है। संस्था के संरक्षक सोनू खलखो ने कहा की आज आदिवासियों के ऊपर चौतरफा हमला हो रहा है। उनकी जमीनों को लूटा जा रहा है। ऐसे में आदिवासी समाज को जागरूक होने की जरूरत है।

### ये हुए मार्च में शामिल

इस पैदल मार्च कार्यक्रम में अध्यक्ष डब्लू मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष शशि मुंडा, उपाध्यक्ष सतीश खलखो, सलाहकार प्रकाश टोप्पो, महासचिव राजेश लकड़ा, सचिव रंजीत टोप्पो, उपसचिव लखन मुंडा, कार्यकारणी सदस्य अमन हेंब्रम, अमित खलखो तथा मंटू मुंडा के अलावा कई अन्य भी शामिल हुए।

## आदिवासी महोत्सव में लोगों को भा रहा पारंपरिक वाद्ययंत्र और व्यंजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में झारखंड आदिवासी महोत्सव 2024 का शानदार आगाज हुआ। राज्य के कोने-कोने से पहुंचे हजारों की संख्या में लोगों ने महोत्सव के पहले दिन लुत्फ उठाया। पारंपरिक परिधान में अलग-अलग वेशभूषा में आए लोगों ने आदिवासी दिवस में रौनक बढ़ा दी। सभी लोग मांदर की ताल पर खूब थिरके।

झारखंड आदिवासी महोत्सव में लगे प्रदर्शनी हॉल में अलग-अलग राज्यों से विभिन्न प्रकार के ट्राइबल स्टॉल लगाए गए हैं। इनमें पारंपरिक परिधान, हैंटमेड प्रोडक्ट्स के साथ लोगों को जागरूक करने के लिए कई स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉलों में एक स्टॉल चला अखरा लोगों को काफी आकर्षित कर रहा है। इस स्टॉल में संथाल ट्राइब का वाद्ययंत्र बानाम मुख्य आकर्षण का केंद्र है। इसके अलावा इस स्टॉल में मंदार और नगाड़ा भी उपलब्ध हैं।

### पारंपरिक व्यंजन का लोगों ने लिया मजा

आदिवासी महोत्सव में राज्य के कई जिलों से आए लोगों ने पारंपरिक व्यंजन के स्टॉल लगाए हैं। इनमें पाजपोड़ा रोटी, मडुआ रोटी, मालपुआ, पीठा, घुस्का, छिल्का रोटी, चावल का लड्डू, गुंडली का हल्वा, डम्बू जैसे वेज खाने के अलावा नॉन वेज पत्ता में सेका हुआ चिकन, बिरयानी लोग खूब चाव से खाए। यहां पर खाने के सामान की कीमत 20 रू से शुरू है।

## कृषि मंत्री से मिले राजद नेता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रदेश राजद ने राज्य सरकार द्वारा किसानों के दो लाख रुपये तक के ऋण माफ करने के फैसले का स्वागत किया है। प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव व महासचिव कैलाश यादव के नेतृत्व में राजद नेताओं ने कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से उनके धुर्वा स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात कर बधाई दी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों, डेयरी और मछलीपालन करनेवालों की सब्सिडी के संबंध में बातचीत की। कृषि मंत्री को बताया गया कि फसल से पूर्व सही समय पर किसानों को खाद-बीज का वितरण किया जाना चाहिए, ताकि समय से रोपनी का काम पूर्ण हो जाए। किसानों को हर हाल में समय पर खाद-बीच उपलब्ध कराने को कहा गया।

इस बारे में प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि पूर्व में सरकार द्वारा महज 50 हजार रु ऋण माफी की योजना थी। लेकिन जब दीपिका पांडेय सिंह ने कृषि मंत्री का पदभार संभाला, तो उन्होंने पहला फैसला राज्य के किसानों का दो लाख रु तक ऋण माफी का लिया था। उनके इस फैसले से लगभग 4 ।75 लाख किसानों को लाभ मिलेगा। कृषि मंत्री ने निश्चित तौर पर ऐतिहासिक काम किया है। यादव ने कहा कि कृषि मंत्री को बताया गया कि फसल से पूर्व सही समय पर किसानों को खाद-बीज का वितरण किया जाना चाहिए, ताकि समय से रोपनी का काम पूर्ण हो जाए। पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने आश्वस्त किया कि निश्चित रूप से ऐसा ही होगा और अब शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल में रामकुमार यादव, शब्बर फातमी, चंद्रशेखर भगत, महादेव ठाकुर, उमेश निषाद भी शामिल थे।

## मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर की बेल याचिका खारिज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम की बेल रिजेक्ट कर दी गयी है। इस मामले में शुक्रवार को रांची ढटछअ (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। इसके बाद कोर्ट ने आलमगीर की बेल खारिज कर दी।

### बुधवार को हुई थी बहस पूरी

इससे पहले बुधवार को बचाव पक्ष यानी आलमगीर आलम की ओर से बहस पूरी कर ली गई थी। शुक्रवार को एऊकी ओर से बहस में विशेष लोक अभियोजक ने आलमगीर आलम को पूरे घोटाले का मास्टरमाइंड बताते हुए जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया था। दोनों पक्षों की बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिका पर पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था। बाद में बेल याचिका को खारिज कर दिया।

### 15 मई को किया गया था गिरफ्तार

गौरतलब है कि आलमगीर आलम को ईडी ने पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था। वहीं, ईडी इसी केस में राज्य के वरीय कअर अधिकारी मनीष रंजन से पूछताछ भी कर चुकी है। इस केस में आलमगीर आलम के ओएसडी रहे संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर आलम की भी गिरफ़्तारी हो चुकी है। इनके ठिकाने से एजेंसी ने 35 करोड़ रुपए से ज्यादा नकद राशि बरामद किए।

## राज्य सरकार ने निःशक्तता आयुक्त के पद के लिए 20 अगस्त तक आवेदन मांगे




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य सरकार ने राज्य निःशक्तता आयुक्त के पद के लिए फिर से नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की है। इस पद के लिए 20 अगस्त तक आवेदन मंगाये गये हैं। इस पद के लिए पूर्व में भी विज्ञापन (पीआर नं 303322, 27-7-24) जारी किया गया था और आवेदन मंगाये गये थे। इसे निरस्त करते फिर से योग्य कैंडिडेट से आवेदन करने को कहा गया है। समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, झारखंड की ओर से इसके लिए विज्ञापन जारी किया गया है। इसके अनुसार, आयुक्त के पद पर नियुक्ति के लिए इच्छुक और योग्यता रखने वाले सरकारी सेवा में कार्यरत पदाधिकारी, रिटायर्ड अफसर एवं गैर सरकारी व्यक्ति भी आवेदन कर सकते हैं।

जारी विज्ञापन के मुताबिक, राज्य निःशक्तता आयुक्त को पूर्णकालिक आधार पर तीन सालों की अवधि के लिए नियुक्त किया जायेगा। जरूरत पड़ने पर 1-1 साल की अवधि के लिए कुल दो बार अवधि विस्तार दिया जा सकता है। इस पद के लिए अधिकतम आयु 65 वर्ष की होनी चाहिये। आयुक्त पद के लिए कार्यरत सरकारी सेवक के मामले में नियुक्ति के समय उन्हें प्राप्त हो रहा वेतनमान ही देय होगा। रिटायर्ड अफसरों के मामले में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार गणना कर वेतनमान देय होगा। गैर सरकारी व्यक्ति के मामले में 60 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। साथ ही सरकार द्वारा निर्धारित अन्य भत्ते भी उन्हें मिलेंगे।

# राष्ट्रीयता के भाव का जागरण है हर घर तिरंगा कार्यक्रम : गुरु प्रकाश पासवान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित होंगे। यह कार्यक्रम अब हर भारत वासी का कार्यक्रम बन चुका है। यह राष्ट्रीय भाव को जागृत करने का कार्यक्रम है। ये बातें भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के क्षेत्रीय प्रभारी डॉ गुरु प्रकाश पासवान ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहीं।

### तीन प्रकार के होंगे कार्यक्रम

उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तीन प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसके लिए प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक की टोली का गठन किया गया है। प्रदेश टीम के संयोजक प्रदेश महामंत्री तथा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा है जबकि विनय जायसवाल, शशांक राज, रघुराज पांडे, बबन गुप्ता और लक्ष्मी कुमारी को सह संयोजक बनाया गया है।




### हजारों युवा होंगे शामिल

डॉ पासवान ने कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि युवा मोर्चा के नेतृत्व में 11,12 और 13 अगस्त को विधानसभा स्तर पर तिरंगा यात्रा आयोजित की जायेगी, जिसमें हजारों युवा तिरंगा ध्वज के साथ शामिल होंगे। आजादी की वर्षगांठ के अवसर पर पार्टी कार्यकताओं की ओर से राज्य भर में स्थित युद्ध स्मारक एवम शहीदों की प्रतिमाओं की सफाई करते हुए प्रतिमाओं पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की जायेगी। यह कार्यक्रम 12, 13 और 14 अगस्त को आयोजित होगा।

### नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित चौथा कार्यक्रम

श्री पासवान ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम आयोजित होगा। देश की वर्तमान पीढ़ी को जानना यह आवश्यक है कि भारत के विभाजन के कारण कैसे 20 लाख लोगों की हत्याएं हुई और 2करोड़ से ज्यादा लोगों को अपना घर बार छोड़कर रिफ्यूजी बनने को विवश होना पड़ा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित चौथा कार्यक्रम है जिसमें भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव तथा घर-घर तक हर घर तिरंगा लगाने को प्रेरित करेंगे। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, अविनेश कुमार सिंह, बबन गुप्ता और विनय जायसवाल भी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कमलेश से पूछताछ जारी रखेगी ईडी कोर्ट ने दी अनुमति



**रांची :** पत्रकार से जमीन कारोबारी बने कमलेश कुमार की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद एजेंसी ने उसे कड़ी सुरक्षा के बीच रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में उसे पेश किया। जिसके बाद एजेंसी की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने कोर्ट से यह आग्रह किया कि कमलेश से पूछताछ के लिए रिमांड अवधि को विस्तार दिया जाए। कोर्ट ने ईडी को कमलेश को 4 दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ के लिए अनुमति दी है। बता दें कि लैंड स्कैम से जुड़े केस में ईडी ने पिछले महीने कमलेश के घर पर छापेमारी की थी। जिसमें उसके घर से एक करोड़ रुपए कैश और 100 कारतूस बरामद हुए थे। ईडी की पूछताछ के बाद में कमलेश को शुक्रवार की देर रात गिरफ्तार किया था।

### रिम्स गर्ल्स हॉस्टल में बर्तन की चोरी

**रांची :** रिम्स परिसर में बीती रात कुछ अज्ञात लोगों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर गर्ल्स हॉस्टल 7 एवं 8 के परिसर में प्रवेश कर वहां रखे बर्तनों की चोरी कर फरार हो गए। इस संबंध में डीन (छात्र कल्याण) ने बरियातू थाने में एफआईआर करने के निर्देश दिए हैं। चोर बर्तन चोरी करते हुए सीसीटीवी में कैद हो चुका है।

### सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने लगाए फलदार पौधे

**रांची :** अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड स्थित सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल, न्यू अशोक नगर में वृक्षारोपण अभियान के तहत विद्यालय परिसर में नीम, पीपल, शीसम और आम जैसे पौधों को लगाया गया। कार्यक्रम में स्कूल की प्रिंसिपल श्रावणी पांडे ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को सुंदर और रोचक बनाने के लिए वृक्षारोपण के महत्व पर रोशनी डालने के लिए कक्षा प्रथम की छात्रा देवेन्या द्विवेदी और कक्षा द्वितीय की छात्रा प्रिशा भारद्वाज ने सुंदर कविता प्रस्तुत किया। साथ ही कक्षा तृतीय की छात्रा श्रेया शर्मा, खुशबू कुमारी, दानिन साजिद और अविनिशा सिन्हा की ओर से वृक्ष लगाने की महत्ता पर स्लोगन प्रस्तुत किए गए जिसमें उन्होंने बताया कि एक वृक्ष सौ पुत्र के समान होता है। इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर दीपक कुमार ने वृक्षारोपण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य खतरे में पड़े पर्यावरण को बचाने और जीवन को सुंदर और आकर्षक बनाने से है। इसके लिए हर हाल में हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधों को लगाकर इसे संरक्षण प्रदान करना होगा। पूरी दुनिया, पूरा ब्रह्मांड संतुलन पर टिक्की हुई है। अपने जीवन में बैलेंस का होना बहुत जरूरी है। जो व्यक्ति संतुलन बना कर चला, जीवन में आगे बढ़ा। इसी प्रकार से प्रकृति में भी संतुलन बनाए रखना भी अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़ पौधों को लगाना बहुत जरूरी है। क्योंकि इसी पेड़-पौधों के द्वारा हमें ऑक्सीजन मिलता है। ऑक्सीजन के बिना एक पल भी हम जिंदा नहीं रह सकते। पेड़ पौधे वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को लेकर हमारे लिए ऑक्सीजन उपलब्ध करता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक रमाकांत प्रसाद तथा सुषमा सिन्हा, प्रधानाचार्य श्रावणी पांडे तथा उप प्राचार्य अक्षय कुमार सिन्हा उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत आदिवासी पार्टी का आदिवासी अधिकार सम्मेलन संपन्न



**रांची :** भारत आदिवासी पार्टी का आदिवासी अधिकार सम्मेलन शुक्रवार को घुमकुड़िया भवन में संपन्न हो गया। कार्यक्रम में प्रेम शाही मुंडा ने कहा की भारत आदिवासी पार्टी आदिवासी मुद्दे पर संघर्ष करेगी और झारखंड में विकल्प के रूप में उभरेगी वहीं, कार्यकारी अध्यक्ष अजय कच्छप ने कहा कि आदिवासियों के विकास करने के लिए संवैधानिक अधिकारों की जानकारी आवश्यक है। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की अध्यक्ष कुंदरसी मुंडा ने कहा की राजनीति में महिलाओ को आगे आना होगा और अपने अधिकार के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। बैठक प्रेम शाही मुंडा की अध्यक्षता में संपन्न हुई वहीं कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र लिंडा ने किया। कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष अजय कच्छप, अभय भुट कुंवर, जगरे उरांव, सुरेंद्र लिंडा सेलिना लकड़ा, प्रकाश मुंडा, रामआशीष करमाली,सुभाष मुंडा, तथा किस्टोमनी उरांव समेत कईयों ने हिस्सा लिया।

### होटल अशोक के कर्मचारियों ने दिया धरना 15 अगस्त को आत्मदाह की दी चेतावनी



**रांची :** होटल रांची अशोक के कर्मचारियों ने शुक्रवार को होटल के पिछले गेट के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। होटल के कर्मचारी बकाये वेतन की मांग और होटल के हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी नहीं होने को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। होटल के वरिष्ठ कर्मचारी पंकज कुमार ने कहा कि होटल हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण झारखंड सरकार में उनका समायोजन नहीं हुआ है। जिस वजह से पिछले दो वर्षों से अधिक का वेतन उन्हें नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि एक ओर आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है। लेकिन होटल के एक आदिवासी कर्मचारी महादेव उरांव का होटल हस्तांतरण का इंतजार करते-करते ब्रेन स्टोक से मौत हो गयी। दो वर्षों से अधिक समय बीतने के बावजूद उसके परिवार को उसके बकाए वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, जो शर्मनाक है। पंकज ने कहा कि केंद्र और झारखंड सरकार चाहती है कि हम बचे हुए कर्मचारी स्वैच्छिक सेवानिवृति ले लें। लेकिन जब हमने उनकी इच्छा के अनुरूप काम नहीं किया तो हमें उनके द्वारा प्रताड़ना दी जा रही है। वो कुछ भी करें हम स्वैच्छिक सेवानिवृति नहीं लेंगे, चाहे मर ही क्यूं न जाएं। दीपक कुमार सहाय ने कहा, केंद्र सरकार और बिहार सरकार दोनों मिली हुई है, इसलिए हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी नहीं की जा रही है। अब हमारे सामने मरने के सिवा कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा है। इसलिए 15 अगस्त को हम होटल के समक्ष आत्मदाह करने के लिए विवश हैं। वहीं ओमप्रकाश ने कहा कि अब लड़ाई आरपार की है। अब हम आत्मदाह करेंगे या सरकार हमारी हत्या करवा दे, यही एक विकल्प है। जीतू सिंह और बिरेंद्र प्रसाद ठाकुर का रो-रोकर बुरा हाल था। उन्होंने कहा कि सरकार ने हमारा परिवार तबाह कर दिया है। हमारा वर्तमान और भविष्य दोनों खतरे में आ गया है।

### दो दिवसीय राज्य स्तरीय ग्रामीण व स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

**रांची :** झारखंड पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को दो दिवसीय झारखंड राज्य स्तरीय ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता 2024 का बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि खेल निदेशक संदीप कुमार, विशिष्ट अतिथि झारखंड के आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, संयुक्त निदेशक साझा के राज किशोर खाखा, विभागीय खेल उपनिदेशक मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया। इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गुलेल, पारंपरिक तीरंदाजी, सिखौर, गेड़ी दौड़, फुटबॉल, हॉकी की प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी संदीप कुमार, रूपा रानी तिर्की, उपवन बाड़ा, मारकस हेमरोम, उमेश लोहरा एवं शिवेंद्र कुमार को प्रतीक चिह्न व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता को सफल संचालन में विभागीय प्रशिक्षक भरत कुमार शाह, गोपाल तिर्की, सुनील महली, अनमोल टोप्पो,काली चरण महतो, अंगद हंसराज, राजू साहू, हरीश कुमार, प्रेम पूर्ति, अख्तर हुसैन, बलराम, मोहन कुमार, जोलेन केरकेट्टा, संदीप उरांव, रेमंड मिंज, सुदीप कुजूर, अजय झा एवं कई गणमान्य प्रशिक्षक ने अहम भूमिका निभाई।

### भारत का पारंपरिक ज्ञान संसार आदिवासियों के योगदान का ऋणी : सुदेश महतो

**रांची :** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि प्रकृति संवर्धन, सामूहिकता और संतुलन आदिवासी जीवन का अभिन्न हिस्सा है। बिना किसी पद और पावर के आदिवासी समाज ने प्रकृति की रक्षा करने का काम किया है। लोगों में आदिवासी दर्शन होना जरूरी है। सुदेश कुमार महतो सिल्ली में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को आयोजित आदिवासी अखड़ा सह सम्मान समारोह में कहा कि पंचायती व्यवस्था से जुड़े ग्राम प्रधान, सरपंच को शक्तियां देनी होगी। प्रारंभिक निर्णय लेने का अधिकार ग्राम प्रधान के पास होनी चाहिए। हर फैसले में शासन का हस्तक्षेप न हो। इस व्यवस्था को स्थापित करने और सुदृढ़ करने की हमारी तैयारी है। अपनी आवश्यकताओं, हक और अधिकारों के लिए मुखर होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आदिवासी अधिकारों की रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, और उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए हमें संगठित होकर कार्य करना है। आदिवासी समाज का योगदान हमारे देश की विविधता और संस्कृति को समृद्ध करता है। उनकी कला, संगीत, नृत्य, और जीवन शैली में एक अद्वितीय सौंदर्य है, जिसे हमें गर्व के साथ अपनाने के साथ ही विस्तृत और संरक्षित करना हमारी जिम्मेदारी। हमारी समृद्ध सामाजिक, सांस्कृतिक और धरोहरों में आदिवासियत समाहित है। भारत का पारंपरिक ज्ञान संसार आदिवासियों के योगदान का ऋणी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के लोगों ने संसाधनों के अभाव में भी कई क्षेत्रों में अहम भूमिका निभाकर अपनी एक खास पहचान बनाई है। हमें अपने अस्तित्व को बचाए रखने के लिए रीति-रिवाज, धर्म-संस्कृति को बचाए एवं बनाए रखने की जरूरत है। इस दौरान सिल्ली विधानसभा के सभी ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। आजसू पार्टी द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर पूरे राज्य में आदिवासी अखड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान आदिवासी कला, संस्कृति और सभ्यता के प्रचार-प्रसार के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही आदिवासी वीर शहीदों की शौर्य गाथा एवं बलिदान पर चर्चा के साथ समाज में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। मौके पर पौधा वितरण भी किया गया।

# कैसे देश जीतेगा जंग नशे के खिलाफ



आर.के. सिन्हा

**आज भारत बुरी तरह से नशे की समस्या से जूझ रहा है। यह बेहद जटिल और बहुआयामी मुद्द है जो देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक ताने बाने को क्षति पहुँचा रहा है। नशीली दवाओं की लत लगातार बढ़ने से निजी जीवन में अवसाद, पारिवारिक कलह, पेशेवर अकुशलता और सामाजिक सह-अस्तित्व की आपसी समझ में कमी की समस्याएं सामने आ रही हैं।**

भारत में सिगरेट और बीड़ी पीने का सिलसिला न जाने कब से चल रहा है। इनके पैकटों पर वैधानिक चेतावनी देने का भी कोई असर नहीं हुआ। अब सूखा नशा लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। यह एक ऐसी बुराई है जो व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक स्थिति को पूरी तरह से बिगाड़ देती है। यह आदतें न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि समाज के ताने बाने पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। विभिन्न स्त्रोतों और सर्वे के नतीजे बताते हैं कि राजधानी दिल्ली में ही कम से कम 10 से 20 फीसदी युवा नशे की चीजों के आदी हो चुके हैं। सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिबंध के बावजूद इसको रोकने के लिए अभी तक की गई कोशिशें नाकाम साबित हुई हैं।

नशे की गिरफ्त में आकर लोग अक्सर अपनी जिम्मेदारियों को लापरवाही पूर्वक नजरअंदाज कर देते हैं। इसके प्रभाव से बचने के लिए उचित शिक्षा और सक्रिय जागरूकता की परम आवश्यकता है। साथ ही नशे के खिलाफ ठोस आन्दोलन प्रयास करने की भी जरूरत है। केवल व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास ही इस समस्या को समाप्त कर सकते हैं। अकेले, सरकार के बस का तो यह होने से रहा। आपको देश का शायद ही कोई शहर मिले, जहां के अत्यधिक सुरक्षित क्षेत्रों, हाई प्रोफाइल इलाकों और एलीट जोनों, बड़े मार्केटों में नशा उपलब्ध न हो। नशे पर पूरी तरह से बैन ही नहीं लग पा रहा है। राजधानी दिल्ली तो नशे के कारोबार का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। इसके पीछे नशीले पदार्थों की आसान उपलब्धता तथा गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक तनाव के चलते हो रहे डिप्रेशन को कम करने में मदद मिलने जैसी बड़ी वजह भी है। इसके साथ ही मौजूदा पारिवारिक ढांचा और शिक्षा की कमी से हो रहे भटकाव तथा अज्ञानता भी नशे को बढ़ावा देने में मददगार बन रहा है। इसका सबसे बुरा असर हमारे कम उम्र के स्कूल और कॉलेज जाने वाले लड़के-लड़कियों पर भी बुरी तरह पड़ रहा है। थोड़ी सी मस्ती, अति उत्साह और सामाजिक आचार-विचार के प्रति बेरुखी के चलते खुद को बिंदास, बेपरवाह दिखाने के लिए ड्रिंक्स, स्मोकिंग, च्युइंग एडिक्शन जैसी आदतें अपनाने को वह अपने को आधुनिक और प्रगतिशील सिद्ध करने के लिये जरूरी मान बैठे हैं।

दिल्ली और देश के शेष भागों में सूखे नशे में केवल तंबाकू या गुटखा ही नहीं इस्तेमाल हो रहा है। तस्करी चोरी के जरिए बड़े पैमाने पर गांजा, हेरोइन, स्मैक, चरस, कोकेन, मिथाइलीनडाइऑक्सी मेथाम्फेटामाइन (एमडीएमए), एक्स्टसी सिंथेटिक टैबलेट और पाउडर, मेफेड्रोन पाउडर और कैप्सूल तथा कोडीन मिला हुआ कफ सिरप को भी लाकर भी बेचा जा रहा है। एमडीएमए एक तरह का सिंथेटिक ड्रग है, जो उत्तेजक और बुद्धिभ्रष्ट कारक है। इस ड्रग के इस्तेमाल मात्र से शरीर पर बदलाव आने लग जाते हैं। सिंथेटिक ड्रग्स का उदय एक महामारी के रूप में हो रहा है जो कई लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है, खासकर युवा लोगों को नए जमाने में सुरक्षा के नाम पर ई-सिगरेट का भी प्रचलन भी बढ़ता जा रहा है। इसमें धुआं भले ही न हो, लेकिन निकोटीन होने से स्वास्थ्य के लिए नुकसान में जरा सी भी कमी नहीं है।

राजधानी के प्रतिष्ठित गंगा राम अस्पताल दिल्ली में वरिष्ठ चिकित्सक, मेडिसिन डॉ. मोहसिन वली कहते हैं, ‘भारत में तंबाकू सेवन करने वालों, विशेष रूप से धूम्रपान करने वालों की बढ़ती संख्या के चलते इस पर नियंत्रण के लिए बनाई गई नीतियों की तुरंत समीक्षा की जरूरत है। निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एनआरटी), गर्म तम्बाकू उत्पाद (एचटीपी) और स्नस (धुआं रहित तंबाकू) जैसे वैज्ञानिक रूप से सुरक्षित विकल्पों के इस्तेमाल से नशे पर रोक लगाने में महत्वपूर्ण कामयाबी मिली है। हालांकि एनआरटी को मेडिकल स्टोर पर केवल डॉक्टरों के प्रिस्क्रिप्शन पर ही लिया जा सकता है, जिसके कारण इसकी सरल उपलब्धता अब मुश्किल हो गई है। अब इसे सीधे कोई आसानी नहीं ले सकता है।' जानकारों का कहना है कि अधिकांश लोग एनआरटी का उपयोग तब बंद कर देते हैं, जब उन्हें लगता है कि अब उन्हें इसकी आवश्यकता नहीं है। एनआरटी में निकोटीन की मात्रा सिगरेट की तुलना में वैसे तो कम होती है। निकोटीन को मस्तिष्क तक पहुँचने और इंसान को निकोटीन का प्रभाव देने में भी काफी समय लगता है। इसका मतलब यह है कि धूम्रपान छोड़ने की तुलना में एनआरटी का उपयोग बंद करना बहुत आसान है। सबसे बेहतर बात ये है कि एनआरटीके साइड इफेक्ट भी ज्यादा खतरनाक नहीं हैं।

इसके साथ ही अब गुटखा को खाने वालों की तादाद चक्रवृद्धि ब्याज की रफ्तार से बढ़ती ही चली जा रही है। इसमें तंबाकू की कितनी मात्रा हो, इसको लेकर कोई गाइडलाइंस नहीं है। इसको खाना अगर जरूरी ही है तो बिना तंबाकू वाले इसके इलायची आदि के स्वादिष्ट फ्लेवर क्यों नहीं बनाए जा रहे हैं, जिससे इसको खाने का मजा तो आए, लेकिन स्वास्थ्य पर कोई बुरा असर नहीं पड़े।

कुछ समय पहले राजधानी के बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के सीनियर कंसल्टेंट, पल्मोनरी मेडिसिन डॉ. पवन गुप्ता कह रहे थे-, 'सबसे गंभीर बात यह है कि आम लोगों में तंबाकू का प्रचलन बढ़ रहा हैं, क्योंकि देश भर में सड़क के आसपास बनी दुकानों में तंबाकू आसानी से उपलब्ध है। मौजूदा सरकारी नीतियां तंबाकू के बढ़ती लत को रूकवाने में विफल रही हैं। अब इस मसले को रोकने के लिए विकसित देशों में अपनाए गये वैज्ञानिक रूप से सुरक्षित विकल्पों पर विचार करना जरूरी है। इससे तंबाकू के सेवन पर रोक लगाने में कारगर सफलता मिल सकती है।'

आज भारत बुरी तरह से नशे की समस्या से जूझ रहा है। यह बेहद जटिल और बहुआयामी मुद्दा है जो देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक ताने बाने को क्षति पहुँचा रहा है। नशीली दवाओं की लत लगातार बढ़ने से निजी जीवन में अवसाद, पारिवारिक कलह, पेशेवर अकुशलता और सामाजिक सह-अस्तित्व की आपसी समझ में कमी की समस्याएं सामने आ रही हैं। मुझे लगातार इस तरह के परिवारों के बारे में पता चलता है जो अपने किसी सदस्य के नशे का दास बनने से परेशान है। हमारे युवा नशे की लत के ज्यादा शिकार हो रहे हैं। युवावस्था में करियर को लेकर एक किस्म का दबाव और तनाव रहता है। ऐसे में युवा इन समस्याओं से निपटने के लिए नशीली दवाओं का सहारा लेता है और अंततः नशे के कुचक्र में फंस जाता है। इसके साथ ही युवा एक गलत पूर्वधारणा का भी शिकार होते हैं। उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर धुएं के छल्ले उड़ाना और महँगी पार्टीज में शराब के सेवन करना उच्च सामाजिक स्थिति का प्रतीक भी जान पड़ता है। दरअसल नशे के बढ़ने के कई आयाम हैं। इसके खिलाफ सारे देश को मिलकर लड़ना होगा। वर्ना तो नशे की लत का विस्तार जारी ही रहेगा।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)



## संपादकीय

### सदमे में भारत

भारतीय खिलाड़ियों के एक-के-बाद एक पोडियम पर चढ़ने से पहले ही हारने से देशवासियों में बनती जा रही मायूसी को विनेश फोगाट की घटना ने दोगुना कर दिया है। मनु भाकर के दो कांस्य पदकों सहित निशानेबाजी में तीन पदक आने से देश में खुशी का जो माहौल बना था; वह दिग्गजों के फ्लॉप शो की वजह से ठंडा पड़ता जा रहा था। इस बीच विनेश फोगाट के महिला कुश्ती ने किए प्रदर्शन देश का माहौल फिर से खुशनुमा बना दिया था। एक ही दिन में वह लगातार तीन मुकाबले जीतकर 50 किग्रा वर्ग की कुश्ती के फाइनल में पहुंच गई थीं। वह यह उपलब्धि पाने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान थीं। उन्होंने जिस तरह से टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता और 82 मुकाबलों से अजेय बनी हुई सुसाकी को पहले राउंड में हराया, उससे देशवासियों को पहली बार सोने का तमगा आने का भरोसा हो गया था, लेकिन सौ ग्राम वजन ज्यादा आने पर उन्हें अयोग्य करके पदक से ही वंचित किए जाने से देश में सदमे जैसी स्थिति बन गई है। हालांकि अभी विनेश के सीएएस में अपील करने से रजत पदक मिलने की संभावनाएं बनी हुई हैं। अब सवाल यह है कि इतने देखभाल करने वालों के रहते वजन कैसे बढ़ गया? इस बात की जांच भी होनी ही चाहिए। हम सभी जानते हैं कि विनेश 53 किग्रा वर्ग में लड़ती रहीं हैं। वह वजन घटाकर इस बर्ग में लड़.रहीं थीं। इस तरह की खिलाड़ी का तो और भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए थे। विनेश को बहुत ही पक्के इरादे वाली पहलवान माना जाता है। यह वह कुश्ती फेड़रेशन के अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला चलाकर दिखा चुकी हैं। इसके अलावा कभी कोई घटना उन्हें विचलित नहीं कर सकी। पर इस घटना ने उन्हें एकदम से तोड़.दिया है और इस कारण उन्होंने संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। इन हालात में देश के माहौल को अब पुरोष हाकी में कांस्य पदक और नीरज चोपड़ा का जेवेलिन में स्वर्ण पदक ही खुशनुमा बना सकता है। इससे पदक तालिका में भारत की स्थिति थोड़ी.सम्मानजनक हो जाएगी। अन्यथा हम 2016 के रियो ओलंपिक जैसे प्रदर्शन की तरफ बढ़ ही रहे हैं। रियो में भारत एक रजत और एक कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में 67वें स्थान पर रहा था। निश्चित रूप से विनेश फोगाट की घटना ने देशवासियों को हैरान-परेशान कर दिया।

## चिंतन-मनन

### सम्यक दृष्टिकोण की जरूरत

आज मानवता को बचाने से अधिक कोई करणीय काम प्रतीत नहीं होता। मनुष्य औद्योगिक और यांत्रिक विकास कर पाए या नहीं, इनसे मानवता की कोई क्षति नहीं होने वाली है, किंतु उसमें मानवीय गुणों का विकास नहीं होता है तो कुछ भी नहीं होता है। एक मानवता बचेगी तो सब कुछ बचेगा। जब इसकी सुरक्षा नहीं हो पाई तो क्या बचेगा? और उस बचने का अर्थ भी क्या होगा? मनुष्य एक सर्वाधिक शक्तिशाली प्राणी है, इस तथ्य को सभी धर्मों ने स्वीकार किया है।पर मानव जाति का दुर्भाग्य यह रहा कि उसकी शक्ति मानवता के विकास में खपने के स्थान पर उसके ह्रास में खप रही है। मानवता की सुरक्षा के लिए जिस ऊर्जा को संग्रहीत किया गया था, वह हथियार का रूप लेकर उसका संहार कर रही है।मनुष्य के मन की धरती पर उगी हुई करुणा की फसल क्रूरता से भावित होकर धीरे-धीरे समाप्त हो रही है।यह एक ऐसा भोगा हुआ यथार्थ है, जिसे कोई भी संवेदनशील व्यक्ति नकार नहीं सकता।

पानी को जीवनदाता माना जाता है, सर्वोत्तम तत्व माना जाता है; फिर भी उसके स्वभाव की विचित्रता यह है कि वह ढलान का स्थान प्राप्त होते ही नीचे की ओर बहने लगता है।दूसरों को जीवन देने वाला जल भी जब नीचे की ओर जाने लगे तो उसके कौन रोक सकता है? यही स्थिति आज के मनुष्य की है।सर्वाधिक शक्तिशाली होकर भी यदि वह स्वयं का दुश्मन हो जाए, करुणा को भूलकर क्रूर बन जाए तो उसे कौन समझा सकता है। इस बात को सब मानते हैं कि विज्ञान ने बहुत तरक्की की है।यह बहुत अच्छी बात है।किंतु हमें इस बात को भी नहीं भूलना चाहिए कि विज्ञान में तारक और मारक दोनों शक्तियां होती हैं। कोई आदमी उसकी तारक शक्ति को भूलकर मारक शक्ति को ही काम में लेने लगे, इसमें विज्ञान का क्या दोष।उसके पास मानवता या मानव जाति को बचाने की जो विलक्षण शक्ति है, उसे भुला दिया गया और संहार की भयानक शक्ति को उजागर किया गया।इस स्थिति को बदलने के लिए सम्यक दृष्टिकोण के निर्माण की आवश्यकता है।

# पडोसी देशों में भारत-विरोधी सरकारों के गठन की चिन्ता



ललित गर्ग

भारत के पडोसी देशों में अस्थिरता एवं अराजकता का माहौल चिन्ताजनक है। बांग्लादेश के साथ-साथ भारत के पड़ोसी मुल्कों में हुए हालिया अराजक, हिंसक एवं अस्थिरता के घटनाक्रमों से एक तस्वीर बनती है एवं एक सन्देश उभर कर आता है, वह है, चीनी के द्वारा भारत विरोधी सरकारों के गठन की साजिश। सिर्फ बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और श्रीलंका में राजनीतिक उथल-पुथल और तख्तापलट के बाद अस्तित्व में आई सरकारों ने भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हालात पैदा कर दिए हैं। भारत को सतर्क एवं सावधानी बरतने की जरूरत है। अब सवाल ये उठते हैं कि भारत के पड़ोसी देशों में हो रही इस अराजकता एवं अस्थिरता के कारण क्या हैं? यह सिर्फ एक संयोग है या फिर साजिश? क्या इसके पीछे चीन का हाथ है? क्या पाकिस्तान भी इसके लिये जिम्मेदार है? पड़ोसी देशों में पनप रही इस राजनीतिक अस्थिरता का भारत पर क्या असर होगा? इसकी भरी-पूरी आशंका है कि चीन ने पाकिस्तानी तत्वों के जरिये शेख हसीना विरोधी आंदोलन को हवा दी। निश्चित ही शेख हसीना की छवि एक अधिनायकवादी शासक की बनी और पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका उनकी निंदा करने में मुखर हो उठा। अमेरिका उनकी नीतियों से पहले से ही खफा था, क्योंकि वह मानवाधिकार और लोकतंत्र पर उसकी नसीहत सुनने को तैयार नहीं थीं। उनका सत्ता से बाहर होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है, बांग्लादेश में एक अर्से से भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। उनका भारत विरोधी चेहरा आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान भी दिखा। यह ठीक नहीं कि हिंसक प्रदर्शनकारी अभी भी हिंदुओं और उनके मंदिरों के साथ भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं। लगभग ऐसी ही स्थितियां चीन और पाकिस्तान ने मालदीव, नेपाल, अफगानिस्तान और श्रीलंका में खड़ी की है।

हसीना का जाना या उनका निष्कासन चीन एवं पाकिस्तान की साजिशों का परिणाम है, जो भारत के लिए कई मायनों में झटका है। इसका यह मतलब भी है कि भारत ने पड़ोस में अपने इकलौते स्थिर साथी को अब खो दिया है। भारत अपने चारों ओर से बदहाल, कट्टरवादी, अराजक एवं अस्थिर पड़ोसियों से घिरा है। हमारे पड़ोस में अफगानिस्तान है, जिस पर कट्टरपंथी तालिबान का राज है। भारत-विरोधी समूहों को समर्थन देने का उसका एक काला इतिहास रहा है। पाकिस्तान तो भारत का दुश्मन देश ही है। एक बेहद अशांत पड़ोस, जो कट्टरपंथियों, सैन्य शासकों, दिवालिया अर्थव्यवस्थाओं और जलवायु-परिवर्तन के कारण डूबते देशों में अग्रणी है। अपनी आर्थिक बदहाली के बावजूद वह भारत विरोधी षडयंत्र रचता ही रहता है। वह राजनीतिक अस्थिरता का पर्याय है। विडम्बना देखिये कि पाकिस्तान के एक भी वजीरे-आजम ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया है। हमेशा वहां की फौज ने उनके कार्यकाल में टांग डाली है। दक्षिण में श्रीलंका और मालदीव हैं। श्रीलंका 2022 में दिवालिया हो गया था। वहां से सामने आई तस्वीरें एवं घटनाक्रम आज के बांग्लादेश से काफी मिलती-जुलती रही हैं। वहां भी प्रदर्शनकारियों ने बड़ा जनआंदोलन किया और जनता ने राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया, जिस कारण राष्ट्रपति गोटाबाया को देश छोड़कर भागना पड़ा था। आर्थिक दिवालियेपन का शिकार यह देश चीन के कर्ज के जाल में फंसा हुआ है। श्रीलंका के कर्ज का एक बड़ा हिस्सा चीन का था, जिस कारण चीन ने यहां के हंबनटोटा बंदरगाह पर कब्जा कर लिया था। हालात यह हो गए थे कि श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार खाली हो गया था।

मालदीव एक समय भारत का सहयोगी हुआ करता था। वहां की अर्थव्यवस्था चीन और भारत पर निर्भर है। हालांकि, मालदीव की भारत से नजदीकी हमेशा चीन को खटकती थी, जिस कारण उसने इस देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाया। धीरे-धीरे इस देश की माली हालत बुरी होने लगी, जिसके बाद यहां चीन समर्थक और इंडिया आउट का नारा देने वाले मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनी। पाकिस्तान एवं चीन के दबाव में उनके नए राष्ट्रपति के सुर बदले हुए हैं। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने हुए हैं। मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन का ही दौरा किया था और इसके बाद उन्होंने कई भारत विरोधी फैसले किए, जिसमें मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी भी शामिल थी। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने हुए हैं।


नेपाल बीते कई सालों से राजनीतिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। हाल ही में यहां एक बार फिर से सत्ता परिवर्तन हुआ और प्रो-भारत माने जाने वाली प्रचंड सरकार सत्ता से बाहर हो गई। अब यहां चीन समर्थक केपी शर्मा ओली की सरकार है। ओली इससे पहले 2015-16 में नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। उस समय भारत और नेपाल के संबंध काफी तनावपूर्ण रहे थे। नेपाल में गत 16 वर्षों में 14 सरकारें बदल चुकी हैं। हालात इतने बदहाल हैं कि वहां पर कुछ लोग राजशाही को फिर से बहाल करना चाहते हैं। नेपाल में भी चीन ने जाल बिछा रखा है। चीन विस्तारवादी, अलोकतांत्रिक और अपने आस-पड़ोस के देशों के साथ धौंस-डपट करने वाला देश है। वह भारत के भूखंडों पर अपनी मिल्कियत जताता रहता है। भूटान में घरेलू राजनीति स्थिर है, लेकिन वह चीन के साथ सीमा-समझौते पर हस्ताक्षर करना चाहता है, और यह भारत के लिए चिंता का बड़ा कारण है।

भारतीय उपमहाद्वीप के मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, भुटान और श्रीलंका के बाद अब बांग्लादेश में उत्पन्न होने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों को दुनिया चुपचाप सब देख रही है, वहीं भारत इसके लिए खुद को तैयार कर रहा है, क्योंकि बांग्लादेश की घटनाओं का उस पर सीधा असर होगा। भारत शांति कायम रखने एवं पडोसी देशों से मित्रता कायम रखने के अपने संकल्पों एवं रणनीतियों के लिए इन देशों पर भरोसा नहीं कर सकता। हमारे ईर्द-गिर्द मची उथलपुथल, अस्थिरता एवं अराजकता हमारे वैश्विक एजेंडे को भी बाधित करती है। भारत की आबादी 1.4 अरब है। उसके सभी पड़ोसियों की कुल आबादी 50 करोड़ है। अर्थव्यवस्था के साथ भी ऐसा ही है। भारत की जीडीपी तीन ट्रिलियन डॉलर है। बाकी सब मिलाकर लगभग एक ट्रिलियन हैं। भारत समर्थ है, शक्ति सम्पन्न है, दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, इसलिये उसे अधिक बलों की तैनाती, अधिक रक्षा खर्च और सीमाओं पर अधिक बुनियादी ढांचों का निर्माण करना होगा। क्योंकि भारत के सभी पडोसी देशों पर चीन का दबदबा है और उसके दबाव में भारत के लिये कभी भी संकट बन सकते हैं। बांग्लादेश के घटनाक्रम पर भारत की सतर्कता, विवेक एवं समझदारी सराहनीय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार पडोसी देशों में उत्पन्न हालातों पर समझ एवं संयम से कदम उठाती रही है। बांग्लादेश की तख्तापलट घटनाओं पर भी उसने पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई, विपक्षी दलों ने महत्वपूर्ण भूमिका के साथ अपनी बात रखी। ऐसे ज्वलंत मुद्दों पर सर्वसम्मति बनना जीवंत लोकतंत्र का प्रमाण है। ऐसा अनुकरणीय उदाहरण पडोसी देशों में न मिलना ही उनकी अस्थिरता एवं अराजकता का बड़ा कारण है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में ऐसी स्थिति कतई नहीं बननी चाहिए कि जहां राजनीतिक दलों के बीच दूरियां इस कदर बढ़ जायें कि फौज का दखल देना पड़े या पडोसी देश अपनी स्वार्थों की रोटियां सेंकने में सफल हो जाये। भारत के पडोसी देशों के लोग केवल बुराइयों से लड़ते नहीं रह सकते, वे व्यक्तिगत एवं सामूहिक, निश्चित सकारात्मक लक्ष्य के साथ जीना चाहते हैं। अन्यथा जीवन की सार्थकता नष्ट हो जाएगी।

इन पडोसी देशों के नेता दो तरह के हैं- एक वे जो कुछ करना चाहते हैं, दूसरे वे जो कुछ होना चाहते हैं। असली नेता को सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर, प्रासंगिक और अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनानी होती है। संयुक्त रूप से कार्य करें तो सभी पडोसी देश मिलकर विश्व में एक बड़ी ताकत बन सकते हैं। लेकिन उन्होंने सहचिन्तन को शायद कमजोरी मान रखा है। नेतृत्व के नीचे शून्य तो सदैव खतरनाक होता ही है पर यहां तो ऊपर-नीचे शून्य ही शून्य है। इन पडोसी देशों के स्तर पर तेजस्वी और खरे नेतृत्व का नितान्त अभाव है। भारतीय उपमहाद्वीप के देशों के केनवास पर शांति, प्रेम, विकास और सह-अस्तित्व के रंग भरने की अपेक्षा है। भारत इस स्थिति में है, उसे मनोबल के साथ पडोसी देशों में स्थिरता, शांति, लोकतंत्र एवं आपसी समझ की ज्योत जलाने के लिये तत्पर रहना चाहिए, जो उन देशों के साथ भारत के लिये भी जरूरी है।

(खक, पत्रकार, स्तंभकार)

# कौसर जहां : संशोधन से आएगी पारदर्शिता



प्रह्लाद सबनानी

केंद्र सरकार ने वक्फ बोर्ड अधिनियम में संशोधन करके एक पारदर्शी, जवाबदेह और समान प्रतिनिधित्व की व्यवस्था के साथ प्रभावी कानून बनाने की दिशा में कदम आगे बढ़ाया है।

संशोधनों के तहत मुस्लिम समुदाय में भी सभी वर्गों की भागीदारी का इंतजाम किया गया है। वहीं इक्कीसवीं सदी की सबसे महत्त्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित करते हुए महिलाओं के समान प्रतिनिधित्व का ख्याल रखा है। वक्फ की संपत्तियों का दुरुपयोग नहीं हो, उनका सही मूल्यांकन करते हुए उस अनुपात में राजस्व की व्यवस्था हो और सबसे जरूरी इन संपत्तियों का दुरुपयोग नहीं हो इसकी ज्यादा सक्षम व्यवस्था संशोधनों में की गई है। कोई भी बोर्ड या निकाय अगर जवाबदेह नहीं है और पारदर्शी नहीं है तो वहां भ्रष्टाचार की आशंका बढ़ जाती है। साथ ही वह संस्था और उसका संचालन करने वाले लोग भी निरंकुश हो जाते हैं। नये प्रावधानों में यह व्यवस्था की गई है कि वक्फ संपत्ति को निष्पक्ष तरीके से चिह्नित किया जाए और अगर कोई विवाद है तो उसका समुचित कानूनी निस्तारण हो। मेरा मानना है इन संशोधनों से वक्फ बोर्ड ज्यादा सक्षम होगा। ज्यादा जिम्मेदार होगा। ज्यादा जवाबदेह होगा।


सरकार ने संशोधन के दो बिल तैयार किए हैं। पहले बिल के जरिए मुसलमान वक्फ कानून 1923 को समाप्त किया जाएगा जबकि दूसरे बिल के जरिए वक्फ कानून 1995 में महत्त्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं। वक्फ कानून 1995 का नाम बदलकर एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995 किया गया है। इसके तहत केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड में मुस्लिम और गैर मुस्लिम का उचित प्रतिनिधित्व होगा। मुस्लिम समुदायों में अन्य पिछड़ा वर्ग; शिया, सुन्नी, बोहरा, आगाखानी का प्रतिनिधित्व होगा।

इसके साथ ही महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। केंद्रीय परिषद और राज्य वक्फ बोर्ड में दो महिलाओं को रखना अनिवार्य होगा। वास्तव में यह क्रांतिकारी कदम है। नये भारत में विकसित भारत की यात्रा का संकल्प पूरा करना है तो महिलाओं की भागीदारी हर स्तर पर जरूरी है। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की आभारी हूं कि उनकी सोच देश की आधी आबादी को हर स्तर पर आगे लाने की है।

वक्फ कानून में संशोधनों के तहत एक केंद्रीय पोर्टल और डेटाबेस के माध्यम से वक्फ के पंजीकरण के तरीके को सुव्यवस्थित किया जाएगा। इसके साथ ही दो सदस्यों के साथ ट्रिब्यूनल संरचना में सुधार किया जा रहा है। वहीं, ट्रिब्यूनल के आदेशों के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील के लिए नब्बे दिनों की मियाद निर्धारित की गई है। इससे विवाद कम होंगे।

वक्फ संपत्तियों के सर्वेक्षण के लिए सर्वे कमिश्नर का अधिकार कलेक्टर या कलेक्टर द्वारा नामित डिप्टी कलेक्टर को होगा। यह सभी कदम वक्फ को ज्यादा पारदर्शी और जवाबदेह बनाएंगे। साथ ही विवाद की गुंजाइश कम होगी। बोहरा और आगाखानियों के लिए अलग बोर्ड की स्थापना का प्रावधान किया गया है। किसी भी संपत्ति को वक्फ के रूप में दर्ज करने से पहले सभी संबंधितों को उचित नोटिस दिया जाएगा। मुझे लगता यह न्यायसंगत कदम है और इससे बोर्ड पर सवाल भी नहीं उठेंगे।

वक्फ परिषद में केंद्रीय मंत्री, तीन सांसद, मुस्लिम संगठनों के तीन नुमाइंदे, मुस्लिम कानून के तीन




जानकार, सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के दो पूर्व जज, एक प्रसिद्ध वकील, राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चार लोग, भारत सरकार के अतिरिक्त या संयुक्त सचिव आदि होंगे। इनमें दो महिलाओं का होना जरूरी होगा। यह समान प्रतिनिधित्व का सर्वोत्तम मॉडल है।

'2013 में, वक्फ अधिनियम में संशोधन करके वक्फ बोर्डों को वक्फ संपत्ति के मामले में असीमित अधिकार दिए गए थे, जिसे किसी भी अदालत में चुनौती भी नहीं दी जा सकती। यह एक तरह से जवाबदेही और पारदर्शिता के खिलाफ था और इसमें आम मुसलमान का भी कोई लाभ नहीं था। नये प्रावधान में सभी चिंताओं का समाधान किया गया है।

# हर्षोल्लास के साथ मना जिले में विश्व आदिवासी दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**मुख्य अतिथियों ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुमला विधायक भूषण तिर्की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी गुमला सहित जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, जिला परिषद् उपाअध्यक्ष, वन प्रमण्डल पदाधिकारी गुमला, अपर समाहर्ता गुमला, परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। आदिवासी समुदाय अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्राकृतिक **संरक्षण का संदेश देते हैः विधायक, गुमला**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भूषण तिर्की ने बताया कि गुमला के आदिवासी को मुख्य धारा में लाना उनको जन-जंगल जमीन से बचाये रखना हम सभी लोगों का कर्तव्य है। साथ ही आदिवासी का एक अंग है- जंगल, पूरे विश्व में आदिवासी लगभग 10 मिलियन है। पुरे विश्व में 60 हजार जनजातिय भाषा बोली जाती है। गुमला जिला आदिवासी बहुमूल्य जिलों में से एक है जहां 70 प्रतिशत से अधिक आदिवासी जनजातीय समुदाय निवास करते हैं। अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्राकृतिक संरक्षण का संदेश देते है आदिवासी समाज का संरक्षण एवं उन्हें आगे बढ़ाने में सहायता करना हम सब की जिम्मेदारी है। आदिवासियों का संरक्षण करना प्राकृतिक का संरक्षण करने के समान है। आज आदिवासी समाज आगे बढ़ रहा है, जिसके लिए झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन भी सहयोग कर रहें है। आदिवासी समाज समुदाय को जंगल एवं भाषाएं का अस्तित्व को बचाये रखने बात कही। विश्व स्तरों पर आदिवासी समुदाय के प्राकृतिक संरक्षण के मॉडल पर की जाती है। सुदूवर्ती के छात्रों को पढ़ाई में आगे बढ़ने को एवं अच्छे डीग्री प्राप्त करने को कहा गयाः उपायुक्त



उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि आदिवासी समाज समृद्ध समाज और ज्ञान का भंडार है. उपायुक्त ने कहा कि जब हम आदिवासी दिवस मनाते हैं तो कई लोग ऐसे भी होते हैं। जिनको यह अवसर नहीं मिलता है कि वे नजदीक से आदिवासी समाज को देख और समझ सके कि आदिवासी समाज कितना समृद्ध और ज्ञान से भरा समाज है। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के आदिवासी बच्चों में जितनी प्रतिभा होती है. उतनी प्रतिभा शहरी क्षेत्र में सभी सुख-सुविधाओं के बीच रहने वाले बच्चों में भी नहीं होती है। उपायुक्त ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि आज के दिन सभी माता-पिता संकल्प ले कि आप अपने बच्चों की शिक्षा को पहली प्राथमिकता देंगे। जब तक बच्चे ग्रेजुएट नहीं हो जाते। तब तक बच्चों पर कोई दूसरा बोझ नहीं देंगे. बच्चे पढ़ेंगे-लिखेंगे तो आगे बढ़ेंगे और इस तरह से शिक्षित व विकसित समाज का निर्माण होगा। आदिवासी समाज मुख्य रूप से डायन कुप्रथा, नशैली पदार्थों के सेवन, एवं ह्यूमन ट्रैफिकिंग जैसे समस्याओं से जूझ रहा है, जिस कारण विकास की गति धीमी हैः जिला परिषद अध्यक्ष

इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष, अपर समाहर्ता , जिला परिषद उपाधीक्षक ने भी कार्यक्रम को संबोधित कर जिले वासियों को विश्व आदिवासी दिवस के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समुदाय के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिले के आदिवासी समुदाय के 06 ऐसे छात्र छात्राएं जिन्होंने 2023- 24 के शैक्षणिक सत्र में अच्छे प्रतिशत से अधिक अंक लाया है उन्हें माननीय अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम के दौरान 15 लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 22 लाख रुपए का ऋण उपलब्ध कराया गया वहीं 8 लाभुकों को अनुदान राशि पर वाहन उपलब्ध कराया गया। वनाधिकार पट्टा के तहत विभिन्न प्रखंडों से कुल 9 समुदाय के बीच वन पट्टा हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। इस दौरान छात्र छात्राओं के बीच साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिल का भी वितरण किया गया।

## भारतीय जनता पार्टी टाटी सिलवे मंडल कार्य समिति की हुई बैठक




**अंगड़ा :** भारतीय जनता पार्टी टाटी सिलवे मंडल में मंडल अध्याछ के नेतृत्व में कार्य समिती की बैठक हुई बैठक में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बैठक कि गईं बैठक में खिजरी के पूर्व विधायक राम कुमार प हा न ने बताया कि जब से भारत देश आजाद हुआ तब से हर वर्ष 15 अगस्त को सरकारी हो या गैरसरकारी सभी संस्थानों में झंडो तोलन किया जाता है विगत कई वर्षो 15 अगस्त में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाता है इस वर्ष में पूरे भारत देश में आजादी के महत्सव में हर घर तिरंगा लगाना हैमौके पर रांची जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो उपाधयच मनोज कुमार चौधरी संतोष महतो आदि शामिल थे।

## एटीएस ने सिमडेगा जेल परिसर में मारा छापा, स्मार्ट फोन बरामद



**सिमडेगा :** आतंकवाद निरोधक दस्ता ने शुक्रवार को जिला जेल में छापा मारा। इस दौरान परिसर में बन रहे नवनिर्मित बैरक से उन्हें एक स्मार्ट फोन मिला है। इस फोन के कई आपराधिक घटनाओं में इस्तेमाल किये जाने की आशंका जतायी जा रही है। एटीएस ने उस मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। गैंगस्टर अमन साहू का गुर्गा आकाश राय इसी जेल में बंद है। बताया जाता है कि जेल के अंदर से कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने मामले में आकाश राय एटीएस के रडार पर है। इस पर एटीएस ने इस जेल परिसर में छापा मारा। इस छापे में एटीएस ने नवनिर्मित बैरक से एक स्मार्ट फोन बरामद किया है। फिलहाल एटीएस उसे फोरेंसिक जांच में भेज दिया है। जांच के बाद ही इस बात की पूरी तरह पुष्टि पाएगी कि इस मोबाइल फोन के जरिये किन-किन आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है और कौन कौन से लोग इसमें शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि आकाश राय को साल 2021 में गिरफ्तार किया गया था। तब से वह जेल में ही बंद हैं। जेल में रहने के बावजूद उसने अपना वर्चस्व अपराध की दुनिया में कायम रखा है। बीते दो साल से वह सिमडेगा जेल में बंद है। उसे अमन साहू का खास माना जाता है। वर्चस्व कायम रखने के लिए वह कई जमीन कारोबारियों और व्यवसायियों से रंगदारी मांगता था। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देता था। उसने झारखंड के अलावा आस पास के राज्यों में भी कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिलवाया है।

# सांसद सुखदेव भगत प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी से मिले



▸ झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव एवं संगठन की मजबूती पर दोनों नेताओं ने की चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत नई दिल्ली में लोकसभा के प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात किये। सांसद सुखदेव भगत ने राहुल गांधी से झारखंड में आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव के संदर्भ में विस्तार से चर्चा किए। साथ ही साथ झारखंड में कांग्रेस संगठन की मजबूती एवं मौजूदा राजनीति हालात से भी उन्हें अवगत कराये ,राहुल गांधी ने सांसद सुखदेव भगत की बातों को गंभीरता से सुने और पार्टी हित में समुचित निर्णय लेने की बात कहें।

# मंईयां सम्मान योजना का लें लाभ, 15 अगस्त तक पंचायत भवनों में लगेगा शिविर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना सम्मान योजना का लाभ प्रत्येक योग्य लाभुक को उपलब्ध कराने से उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर पूरे जिले में तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलेभर में प्रत्येक योग्य लाभुक को योजना से जोड़ने हेतु किए जा रहे कार्यों को लेकर आज शुक्रवार को उपायुक्त, कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त ने प्रखंडवार आवेदनों की एंट्री तथा लाभुक को योजना से जोड़ने हेतु प्रचार प्रसार कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी




संबंधित अधिकारियों को हाइब्रिड मोड में कार्य कर योजना का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं प्रत्येक प्रखंड के लिए प्रभारी पदाधिकारी के रूप में निर्धारित जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत पंचायत में आयोजित किए जा रहे शिविरों का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों का जायजा लेने का निर्देश दिया। साथ ही अधिक से अधिक लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित करने की बात कही। 21-50 वर्ष की महिलाओं को आर्थिक सहायता के रूप में प्रत्येक माह 1000 रुपए प्रदान करने के उद्देश्य से लाई गई झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने हेतु योग्य लाभुक अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाकर अथवा आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं के माध्यम से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन कार्य का वरीय पदाधिकारी ले रहे जायजा

**खूंटी :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत संचालित कार्यों का प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा जायजा लिया जा रहा है। इस दौरान हुए हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन कार्य, फॉर्म 6, 7 एवं 8 कलेक्शन, एएसडी वोटर्स, सुपर चेकिंग समेत अन्य कार्यों का जायजा लिया जा रहा है। साथ ही शत प्रतिशत सुपर चेकिंग कार्य एवं बीएलओ/सुपरवाइजर द्वारा किए गए हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन कार्य की गहनता से समीक्षा की जा रही है। इस दौरान बीएलओ को फॉर्म 6, 7 एवं 8 के कलेक्शन को बढ़ाने को भी जा रहा है। वहीं 6 जनवरी 2023 से 27 जुलाई 2024 के बीच मतदाता सूची से हटाए गए मतदाताओं के नाम की भी दोबारा से जांच करने को कहा जा रहा है।

# प्रभावी पुलिसिंग को लेकर गुमला शहरी क्षेत्र को तीन एवं ग्रामीण क्षेत्र को एक बीट में बांटा गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** शुक्रवार को से गुमला थानान्तर्गत गुमला थाना के विस्तारित क्षेत्र तथा वृहद आबादी के दृष्टिकोण से बेहतर एवं प्रभावी पुलिसिंग के निमित्त गुमला थाना के शहरी/ग्रामीण क्षेत्र को विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, आसूचना संकलन के दृष्टिकोण से शहरी क्षेत्र को तीन बीट एवं ग्रामीण क्षेत्र को एक बीट में विभक्त करते हुए बीट अंतर्गत पड़ने वाले क्षेत्र का निर्धारण किया गया तथा सभी बीट में बीट पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति निम्न प्रकार से की गईः-

बीट नं0/बीट अन्तर्गत पड़ने वाले क्षेत्र

**बिट नंबर 01 :**

चेटर, चाहा, टुकु टोली, लुथरन स्कूल, पुराना बस डिपो, सोसो मोड़, बलदन चट्टी, चन्दाली, बस स्टैण्ड, चन्दाली पूर्वी भाग, सोसो मोड़ पूर्वी, दुन्दरिया बैंक कॉलोनी, डाडूटोली, आजाद बस्ती, हुसैन नगर, कुम्हार टोली, राजा कॉलोनी, अहमद लाइन, मदीना मस्जिद, खड़ियापाड़ा, गौसनगर, चाँदनी चैक, इस्लामपुर, पंजाबी गली, बाजारटाँड़, डुमरटोली।



1. पु0अ0नि0 अंकित राज (7004737037),
2. पु0अ0नि0 राजेन्द्र कुमार (7909014032),

**बिट नंबर** 02ः

करमटोली, बुढ़वामहादेव, जिला स्कूल, शास्त्रीनगर, दुर्गानगर, रामनगर, करौंदी।

1.पु0अ0नि0 गुलशन भेंगरा (8340441687),
2.स0अ0नि0 नंदु कुमार (7050974674),

**बिट नंबर** 03ः

लक्ष्मणनगर, बाजार समिति, पोड़हाटोली, विन्हयाचल नगर, ढोढरी टोली, तर्री, नेट्रोडेम स्कूल, सरनाटोली, गोकुलनगर, मुरली बगीचा, एडवांस हॉस्पीटल, पंचमुखी मंदिर, हरिओम कॉलोनी, वीरसिंह कॉलोनी, ज्योति संघ, बड़ाईक मुहल्ला, जवाहर नगर, डिक्सनरी मुहल्ला।

1. पु0अ0नि0 मुनेश तिवारी (7903402657),
2. स0अ0नि0 मो0 जसमुद्दीन (620473008),

**बिट नंबर** 04ः

(प्रस्तावित टोटो थाना)

आंजन, खरका, फोरी, टोटो, बसुआ, कतरी, कोटाम, डुमरडीह, नावाडीह, पतगछा, कांसीटोली, भंडरिया, अटरिया। 1.पु0अ0नि0 उदेश्वर पाल (6205903206),
2. स0अ0नि0 मो0 गफ्फार अंसारी (6202939715),

साथ ही गुमला थाना के शहरी क्षेत्र में सुरक्षा, विधि-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से भ्रमणशील रहकर दिवा/संध्या के समय 02-02 के माध्यम से पूर्वा0 10ः00 बजे से 04ः00 बजे तक, संध्या 04ः00 बजे से रात्रि 10ः00 बजे तक तथा रात्रि 10ः00 बजे से प्रातः 06ः00 बजे तक लगातार भ्रमणशील रह कर अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से सघन गस्ती करते हुए।

# मुरी आरपीएफ ने टिकट कालाबाजारी करने वाले दुकानदार को किया गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली/मुरीः** रेलवे सुरक्षा बल मुरी ने बुधवार के दिन मंडल सुरक्षा आयुक्त रांची के निदेर्शानुसार ऑपरेशन उपलब्ध के तहत रेलवे सुरक्षा बल मुरी और सीआईबी रेलवे सुरक्षा बल रांची संयुक्त रूप से रजरप्पा चौक गोला रोड स्थित साहिल टूर एवं ट्रेवल्स दुकान में छापामारी कर सज्जाद हुसैन, उम्र 40, वर्ष पिता हैदर अली, शाही नगर रामगढ़ निवासी को रेलवे टिकट की कालाबाजारी करने के आरोप में गिरफ्तार किया। रेल थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि उक्त व्यक्ति निजी आई डी का का उपयोग कर टिकट की कालाबाजारी कर व्यवसाय में संलिप्त था। छापेमारी में पुलिस ने एक तत्काल ई टिकट लगभग 700 का एवं आठ पुराने एवं उपयोग किए गए तत्काल ई टिकट जिसका मूल्य लगभग 15000 रुपए साथ ही उपयोग किए गए डेल कंपनी का लैपटॉप भी जप्त किया। छापेमारी दल में आईपीएफ सीआईबी रांची के बी के सिन्हा, सहायक अवर निरीक्षक एस के गुप्ता, आरपीएफ पोस्ट मुरी के अवर निरीक्षक बसंत मल्लिक, महेश कुमार शामिल रहे।

# आदिवासी दिवस पर कांग्रेस ने निकाली रैली, बिरसा मुंडा को किया नमन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि मिश्रा की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकताओं ने भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके पूर्व स्थानीय बिरसा कॉलेज के समीप से ढोल नगाड़ों के साथ कांग्रेस की महिला सदस्यों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में झंडा-बैनर के साथ रैली निकाली गई। मौके पर जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि आदिवासी दिवस न ही सिर्फ दिवस है, बल्कि आदिवासियों आदिवासियत को बचाए रखने की परंपरा है। उन्होंने कहा कि हम सभी चाहे वे आदिवासी हों या मूलवासी सभी को मिलजुल कर रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा




आदिवासियों के कारण ही देश और जल,जंगल जमीन बची हुई है। मिश्रा ने कहा कि आनेवाले दिनों में कांग्रेस पार्टी भव्य रूप से आदिवासी दिवस मनायेगी। मौके पर प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, आदिवासी कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष फुलचंद टुटी, जिला प्रवक्ता रविकांत मिश्रा, सुशील सांगा, जयसिंह नाग, सयूम अंसारी, जेम्स तोपनो, फुलजेम्स भेंगरा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 1 करोड़ की लागत वाली 5 योजनाओं का हुआ शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया(गिरिडीह):** बड़की सरिया नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार को लगभग एक करोड़ की लागत से पांच योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे, सांसद प्रतिनिधि हेमलाल मंडल उपस्थित रहे। विदित हो कि नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा नगर पंचायत मद से लगभग 42 लाख रुपए की लागत से सरिया के कलाली रोड में सड़क निर्माण,बागोडीह मोड़ के समीप नाली निर्माण,पंडुईया टांड़ में गार्डवाल निर्माण ,विवेकानंद चौक से नगर पंचायत कार्यालय पर पेवर्स सड़क निर्माण एवं नगर पंचायत कार्यालय में शेड निर्माण कार्यक्रम



का शिलान्यास किया गया.इस दौरान विधायक सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि बड़की सरिया नगर पंचायत शहरी क्षेत्र के लोगों के लिए लगभग 1 करोड़ की लागत से आज पांच योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। विभाग की ओर से अन्य कई और योजनाओं का शिलान्यास कुछ दिनों में होना है। वहीं आम लोगों से उन्होंने अपील किया कि निर्माण कार्य के दौरान स्थानीय लोग भी संवेदक पर नजर रखें। जिससे कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सके। गड़बड़ी करने पर इसकी शिकायत तत्काल स्थानीय जनप्रतिनिधि या संबंधित विभाग को देने की बात कही गई। वैसे दोषी संवेदकों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी.वहीं कार्यक्रम के दौरान भाजपा सरिया मंडल अध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि जो भी निर्माण कार्य क्षेत्र में संचालित हो वह गुणवत्ता पूर्ण हो अगर संवेदक के द्वारा किसी प्रकार की कोताही बरती जाएगी तो उनके खिलाफ उनका कड़ा विरोध किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि शिलान्यास के शिलापट्ट में प्रोटोकॉल के अनुसार पहले स्थानीय सांसद का नाम होना चाहिए जबकि नगर पंचायत के द्वारा इसकी अनदेखी की गई है। इस बार नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को इसमें सुधार करने की बात कही गई है। इसके बाद भी अगर इस तरह की घटना की पूनरावृत्ति हुई तो भाजपा इसके विरोध में जोरदार आंदोलन करेगा। वहीं सांसद प्रतिनिधि हेमलाल मंडल ने कहा कि वर्ष 2020 में बड़की सरिया को नगर पंचायत का गठन किया गया। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही व संवेदनहीनता के कारण आज नगर पंचायत क्षेत्र की सभी नालियां जाम हैं। साफ-सफाई के काम भी नियमित ढंग से संचालित नहीं हो रहे हैं। जितना कर्मी होना चाहिए उतना कर्मी संवेदक के द्वारा नहीं रखा गया है। जिसके कारण लोगों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत इस दिशा में तत्काल पहल करते हुए इसमें सुधार करे अन्यथा जन आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर नगर पंचायत प्रबंधक शशि कुमार, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मुरली मनोहर मंडल, विधायक प्रतिनिधि भोला मंडल, प्रमोद मंडल,जिम्मी चौरसिया, सोनू पांडेय, पंकज कुमार,सोनू पांडेय, निरंजन देव शर्मा, विक्की मंडल ,पंकज मंडल,दीपक मंडल, केदार मंडल,फागू पंडित,समेत कई लोग शामिल थे।

**MINISTRY OF ROAD TRANSPORT & HIGHWAYS, NEW DELHI**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**NATIONAL HIGHWAY DIVISION,**
**DIN DAYAL NAGAR, BOOTY ROAD, RANCHI-834008**
**Pho. No. 0651-2360428, E-Mail ID- eenhranchi-jhr@nic.in**

**Notice Inviting Bid (8th Call)**
**[Previous PR 325960 Road(24-25)D]**

Bid/ Package no.- **NH/RANCHI/EPC/2024-25/05** Dated- **08.08.2024**

RFP for **Construction of ROB at Km 116 of NH-99 (new NH-22) at Chandwa (LC No. 12A/T) in the State of Jharkhand on EPC mode (Job No. NH-99-(New NH-22)-JHR-2020-21/287).** The Ministry of Road Transport & Highways through **Chief Engineer, National Highway Wing, Jharkhand, Ranchi** is engaged in the development of National Highways and as part of this endeavour, it has been decided to undertake **Construction of ROB at Km 116 of NH-99 (new NH-22) at Chandwa (LC No. 12A/T) in the State of Jharkhand on EPC mode (Job No. NH-99-(New NH-22)-JHR-2020-21/287)** through an Engineering, Procurement and Construction (EPC) Contract.

[The Ministry of Road Transport & Highways represented by its DG(RD)&SS / CE (NH) PWD State] now invites bids from eligible contractors for the following project:

| State | NH No. | Name of work | Estimated cost (in Rs.) | Cost of document (in Rs.) | Completion period | Maintenance period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Jharkhand | NH-99 (new NH-22) | Construction of ROB at Km 116 of NH-99 (new NH-22) at Chandwa (LC No. 12A/T) in the State of Jharkhand on EPC mode (Job No. NH-99-(New NH-22)-JHR-2020-21/287) | 31,96,86,667.00 (including LC & GST) | 10,000/- (Challan) + 1,800/-(GST in form of DD) =11,800/- | 24(Twenty Four Months) | 10 (Ten years) after Completion |

The complete BID document can be viewed / downloaded from official portal of the CPPP website https:// eprocure.gov.in/eprocure/app from **16.08.2024 to 30.09.2024 (upto 15.00 Hrs. IST).** Bidder must submit its Financial bid and Technical Bid at https:// eprocure.gov.in/eprocure/app on or before **30.09.2024 (upto 15:00 Hrs).** Bids received online shall be opened on **01.10.2024 (at15:30 hours IST).**

Bid through any other mode shall not be entertained. However, E-Bank Guarantee/ Insurance surety Bond, receipt of document fee, Power of Attorney and Joint Bidding Agreement etc. shall be submitted physically by the Bidder on or before **01.10.2024 (at 12:30 hours IST).** In case of Original BGs in confirmation of scanned copies are not submitted within this period by the bidder, the bidder will be debarred for one year from bidding for National Highways/other Centrally Sponsored works of Ministry of Road Transport & Highways and its implementing agencies. **Please note that** the Ministry/Authority/ Executing Agency reserves the right to accept or reject all or any of the BIDs without assigning any reason whatsoever.

**Executive Engineer National Highway Division, Ranchi**
**Phone: 7250355511 e-mail : eenhranchi-jhr@nic.in**

PR 332305 (Road)24-25*D

## एक नजर

### मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक हुए घायल

**तालझारी:** तालझारी महाराजपुर सड़क के धनबाद गांव के समीप शुक्रवार को सड़क पर बकरी दौड़ जाने से एक मोटरसाइकिल चालक व पीछे बैठे व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार राजमहल थाना के एएसआई तशलीम रजा एवं एसआई महादेव उरांव उसी रास्ते से साहिबगंज जा रहें थे कि दोनों युवकों को सड़क पर घायल देख सड़क सुरक्षा से जुड़ें प्रजापति प्रकाश बाबा एवं तालझारी थाना को घटना की सुचना दी। घटना की सुचना पाकर बाबा और तालझारी थाना मौके पर पहुंच घायल को साहिबगंज सदर अस्पताल पहुंचाया। घायल व्यक्ति मो.शरवर एवं मो. सज्जाद साहिबगंज से एसी लगाने के लिए राजमहल जा रहे थे, कि अचानक धनबाद गांव के समीप बगल से दौड़कर बकरी मोटरसाइकिल के चक्के के नीचे आ गई जिसके कारण स्लिप कर दोनों गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।

### सिविल सर्जन के रूप में प्रवीण कुमार संथालिया ने ग्रहण किया पदभार



**साहिबगंज:** डॉ प्रवीण कुमार संथालिया ने शुक्रवार को जिला के 41 वें सिविल सर्जन के रूप में पदभार ग्रहण किया। डॉ0 संथालिया निवर्तमान सीएस डॉ0 अरविंद कुमार से पदभार लिया। डॉ0 प्रवीण इससे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित थे। डॉ0 प्रवीण ने पदभार ग्रहण करते ही कहा कि अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं व सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर डीएस डॉ0 रंजन, डॉ0 किरण माला, डॉ0 मोहन मुर्मू, डॉ0 राजेश, डॉ0 शिवम शर्मा, डीपीएम हिना अरोड़ा वर्णवाल, डीडीएम अमित कच्छप, आईडीएसपी डीडीएम मो तौफीस अहमद, कर्मी अश्विनी कुमार, दिलीप सिंह, मुकेश सिन्हा, सदानंद यादव, चंद्रभूषण, सुधांशु, गोपाल तिवारी, राणा रणविजय, ऋषि, संजय, मंटू सहित अन्य मौजूद थे।

### विधायक ने किया दो ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**सरायकेला :** जिला के चांडिल प्रखंड क्षेत्र दलमा से सटे चाकूलिया गांव में ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने दो ट्रांसफार्मर का उद्घाटन नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। इसदौरान विधायक ने गांव के ग्रामीणों से मिले और कई समस्याओं से रूबरू भी हुए। विधायक ने चाकूलिया में शिव मंदिर का भी निरीक्षण किया व पीसीसी सड़क बनाने की बात कही। वहीं ग्रामीणों ने विधायक से पेयजल समस्या से निजात दिलाने, तथा गाँव के स्कूल में चारदीवारी बनवाने की ज्ञापन सौपा तथा गांव में बिजली की खम्बा लगवाने का मांग किया। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि ईचागढ़ बिधानसभा क्षेत्र चाकूलिया में 100 केवी और 25- केवि के दो ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के समस्याओं से अवगत भी हुए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के मांगों पर अमल करते हुए आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर चांडिल मध्य के पूर्व जिला पार्षद ओम प्रकाश लायेक, साधु चरण महतो, दिनेश महतो, फटिक महतो, काशीनाथ महतो, इंद्र जीत महतो, सुरेश प्रमाणिक, एवं कई ग्रामनी उपस्थित थे।

# ईचागढ़ में विश्व आदिवासी दिवस पर सम्मान समारोह का हुआ आयोजन






प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमटांड़ मोड़ में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में आदिवासी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उन आदिवासी समाज के लोगों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कोरोना काल में अपने गांव और समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य किए और सदैव सामाजिक एवं जनहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद राय उपस्थित रहे। उन्होंने सम्मानित किए गए व्यक्तियों की सराहना करते हुए समाज और क्षेत्र के प्रति उनकी सेवा भावना के लिए धन्यवाद दिया। राय ने इस अवसर पर झारखंड सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद आदिवासी भाई-बहनों की जमीनें छीनी जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार लूट और भ्रष्टाचार में लिप्त है और स्थानीय आदिवासियों को प्रताड़ित कर रही है। श्री राय ने यह भी कहा कि वर्तमान स्थिति ऐसी हो गई है कि प्रखंड या जिला मुख्यालय पर कोई भी काम बिना रिश्वत के नहीं होता है। उन्होंने कहा कि दिनों दिन आदिवासियों का संख्या घट रहा है। बहुत सारे आदिवासी,आदिम जनजाति विलुप्त प्रायः हो गया है,जो चिन्ता का विषय है। उन्होंने कहा कि पुरे देश में आदिवासियों को एक होने की जरूरत है, ताकि अपनी पहचान के साथ जल जंगल जमीन को सुरक्षित रखा जा सके। इस समारोह का आयोजन विश्वनाथ उरांव द्वारा किया गया और कार्यक्रम का संचालन प्रभारी राजेन सिंह मुंडा ने किया । मौके पर मुखिया नयन सिंह मुण्डा, चैतन सिंह मुण्डा, अभिराम उरांव, नकुल उरांव, अनिल सिंह, चंद्र मोहन दास, ठाकुर दास महतो आदि उपस्थित थे।

## टावर से हजारों की बैटरी चोरी, थाने में की शिकायत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दुमका :** जामा थाना क्षेत्र के कालीपुर रांगा, नावाडीह, पहाड़कोल, सेरेथा, आसनबनी, सिमरा, जेनुमरसी,लेधापेशा स्थित बीएसएनएल के टॉवर में लगी बैट्री अज्ञात चोरों ने ताला तोडकर चोरी कर ली है. घटना के बाद कंपनी में कार्यरत मिथिलेश चौधरी ने थाने मे लिखित शिकायत देकर बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर वे टावर परिसर में पहुंचे त्तो देखा कि टावर के बाउंड्री गेट का ताला टूटा हुआ है, साथ ही अंदर से बैट्री गायब है। कहा कि गांव से 500 सौ मीटर की दूरी पर टावर है। वहां कोई सुरक्षा गार्ड नहीं रहता है। उन्होंने चोरी के मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। घटना को लेकर थाने में एक मामला दर्ज किया गया है।

## विश्व आदिवासी दिवस पर आजसू के नेताओं व कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड के चिलगु स्थित आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने पार्टी के आदिवासी पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में नीमडीह जिला परिषद असित सिंह पात्र, झाबरी के मुखिया बंसती देवी, रूदिया मुखिया सुबोधनी माहली, तमोलिया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य चिंतामणि माहली, आसनबनी पंचायत समिति सदस्य माधवी सिंह, झाबरी के पंचायत समिति उर्मिला सिंह, तत्कालीन चांडिल प्रमुख सह जिला आजसू महिला महासभा कार्यकारी अध्यक्ष अमला मुर्मू, पूर्व मुखिया सह आजसू जिला वरीय उपाध्यक्ष, पूर्व पंचायत समिति मंगल सिंह, पूर्व शिक्षक सजल सिंह सरदार, वार्ड पार्षद लक्ष्मी सिंह, पूर्व सैनिक हरि प्रसाद सिंह, आजसू चांडिल प्रखंड सचिव माधव सिंह मुंडा, आजसू महिला महासभा चांडिल प्रखंड अध्यक्ष रेणुका पुराण, अनिल सिंह, आजसू एसटी महासभा अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, युधिष्ठिर सिंह, सविता सरदार आदि को हरेलाल महतो ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आदिवासियों के उत्थान और अधिकारों पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आजसू केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने कहा कि आदिवासी व मूलवासी समाज की एकजुटता से ही क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव है। समाज के युवाओं को जागरूक होकर समाजहित में काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज की एकता को तोड़ने वाले लोग पिछले 35 वर्ष से ईचागढ़ विधानसभा का नेतृत्व कर रहे हैं। हमें वैसे पैंतरेबाजी की राजनीति करने वालों का खुलकर बहिष्कार करना होगा। हरेलाल महतो ने कहा कि एक आदिवासी समाज का मुख्यमंत्री जब सदन में यह कहे कि आदिवासियों की हालत खराब है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

## विश्व आदिवासी दिवस पर पारंपरिक परिधानों में उमड़े आदिवासी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** चांडिल गांगोडीह मैदान में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज ने एकजुटता का परिचय देते हुए, पारम्परिक वेशभूषा में महिला पुरूषों का हुजूम उमड़ पड़ा। ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चारों प्रखंडों से रैली के शक्ल में गांगोडीह मैदान पहुंचे। समाज सेवी सुखराम हेम्ब्रम के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ पारम्परिक परिधानों में आदिवासी एकता जिंदाबाद, दुनिया के आदिवासी एक हो, जल ,जमीन, जंगल की रक्षा करो, सरना कोड लागू करो आदि नारे लगाते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। वहीं सभा स्थल पर वीर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। विशाल सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सह समाजसेवी सुखराम हेम्ब्रम ने कहा कि सामुहिक रूप से विश्व आदिवासी दिवस धुमधाम से मनाया गया। आयोजन समिति के द्वारा पारम्परिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि भीड़ से जाहिर होता है कि आदिवासी समाज सरकार से आदिवासियों की पहचान सारना कोड लागू करने के लिए एक है। उन्होंने कहा कि जंगल झाड़ में रहने वाले आदिवासी प्राकृतिक के पुजारी है। उन्होंने कहा कि आज तक किसी भी सरकार ने आदिवासियों को आगे बढ़ाने का काम नही किया। देश व प्रांत सरकार से लगातार अपने विभिन्न मांगों पर आंदोलित है,मगर किसी भी सरकार आदिवासियों की मांग पर विचार नही किया। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से आने वाले समय में आदिवासी समाज एकजुटता का परिचय देते हुए केंद्र व राज्य सरकार को घेरने का काम करेंगे।

## घरों की बहनों तक पहुंचे मुख्यमंत्री मांईयां सम्मान योजना का लाभ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार एक मुलाकात अपनों के साथ कार्यक्रम के तहत गुरुवार को साहेबगंज के जिला अध्यक्ष बरकत खान,प्रदेश सचिव कमल कुमार आर्य प्रखंड प्रदेश डेलीगेट मोहम्मद नसीरुद्दीन के साथ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू के आवास जाकर मुलाकत कर नगर अध्यक्ष, वार्ड सदस्य, और सभी वरिष्ठ कांग्रेस के कार्यकताओं एवं पदाधिकारी के साथ सांगठनिक मुद्दों के साथ-साथ आने वाले चुनावी तैयारियों पर चर्चा करने की बात की और साथ में झारखंड मुख्यमंत्री माईया सम्मान योजना का लाभ निचले स्तर तक सभी बहनों को मिले इसके लिए विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। नगर अध्यक्ष ने वार्ड सदस्यों को दिशा निर्देश दिया गया कि पंचायत भवन में लगे कैंप में जाकर झारखंड मुख्यमंत्री माईया सम्मान योजना का आवेदन भरकर बहनों को लाभ पहुंचाने का काम करें ताकि प्रखंड के सभी बहनें इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ ले सके। मौके पर नगर अध्यक्ष मनोज घोष, ओबीसी प्रदेश प्रवक्ता अश्वनी आनंद, नेहाल अख्तर, मोतीउर रहमान, दौरान चौधरी , मो राजू ,संतोष राम, मो अहमद, भोलानाथ महतो, अजीत कुमार रॉय,समुद्री बस्की सहित दर्जनों ग्रामीण तथा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# मौलिक अधिकारों को जानें और धर्म-संस्कृति की रक्षा का लें संकल्प : जोबा मांझी

- नोवामुंडी के पचाईसाई में विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में सांसद ने की शिरकत
- सरना धर्म कोड की मांग पर भरी हुंकार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चाईबासा :** सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने विश्व आदिवासी दिवस पर सरना धर्म कोड की मांग दोहराते हुए कहा कि धर्म कोड हमारी अस्तित्व और पहचान का प्रतीक है। इसे हासिल करने के लिए अंतिम सांस तक आवाज उठाते रहेंगे। जोबा माझी बतौर मुख्य अतिथि शुक्रवार को नोवामुंडी में पचाईसाई मैदान में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आदिवासियों के हक और अधिकार पर कटौती करने से आदिवासी चुप नहीं बैठेंगे। आदिवासी एकता पर जोर देते हुए सांसद ने लोगों से कहा कि जल, जंगल और जमीन पर आज खतरा मंडरा रहा है। आज के ऐतिहासिक दिन हमें ये संकल्प लेने की आवश्यकता है कि अपने अधिकार और धर्म-संस्कृति की रक्षा के लिए एकजुट रहेंगे। इससे पूर्व सांसद ने बिरसा मुंडा, जय पाल सिंह मुंडा, पोटो हो आदि शहीदों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर सांसद का पारंपरिक नृत्य और जोरदार नारों के बीच स्वागत किया गया। इसके साथ आयोजन समिति की ओर से अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न आदिवासी शैली के नृत्य और गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया गया. कार्यक्रम में पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा, केंद्रीय विश्वविद्यालय गया के प्रो. डॉ अनुज लुगुन, उपेंद्र लागुरी, घनश्याम हेम्ब्रम, रीना बलमुचू, यशमती बलमुचू, गंगाधर चतोम्बा, अम्बिका दास, प्रशांत चाम्पिया, लक्ष्मी नारायण लागुरी, आसमान सुंडी, मधुसूदन हेस्सा समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बोड़ाम में माल्यार्पण कर मनाया विश्व आदिवासी दिवस



**पटमदा:** बोड़ाम में आदिवासी समन्वय समिति बोड़ाम प्रखंड के द्वारा शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस दौरान बोड़ाम में बिरसा मुंडा,बाबा साहेब आंबेडकर और डिमुडीह में सिदू कान्हु,रघुनाथ सिंह भूमिज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इसके बाद एक बैठक आयोजित कर आगामी 21 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के फैसले के विरोध में भारत बंद को सफल बनाने का कार्यक्रम की तैयारी की गई। बैठक में सवरधन हांसदा,विश्वजीत सिंह,चेतन सिंह,कैलाश सिंह सरदार,शंभू मांडी, दलगोविन्द सिंह, सुकुसिंह,नंदलाल सिंह, चंडी चरण सिंह,अनिरुद्ध सिंह आदि उपस्थित थे।

### पर्यावरण संरक्षण हमारा दायित्व, पेड़ लगाना जरूरी : मंगल



**पटमदा:** माकुला में मानगो वन प्रक्षेत्र वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार द्वारा आयोजित 75 वा वन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि पेड़ पौधा के बिना जीवन संभव नहीं है। शहरी क्षेत्रों में पेड़ की कमी के कारण एसी की जरूरत बढ़ी है। ग्रामीण इलाकों में पेड़ के कारण शुद्ध वातावरण मिल रहा हैं। जो पेड़ो की कटाई कर रहे हैं। उनका विरोध ग्रामीणों को करने की जरूरत है। ग्रामीणों को पेड़ो की सुरक्षा के लिए जागरूक होने की जरूरत है। विशेष दिवस पर पेड़ लगाना जरूरी है। गांव की रक्षा के लिए पेड़ को सुरक्षित रखे। विश्व आदिवासी दिवस पर मैने मुख्यमंत्री से छुट्टी की मांग की थी। जिसमे मुख्यमंत्री ने छुट्टी घोषित किया। एक माह के अंदर माचा में लगेगा अल्ट्रा साउंड मशीन लगेगा। वर्तमान ने बंगाल और जमशेदपुर जाना पड़ता है। सभी महिलाओं के सुविधा के लिए माचा में लगेगा अल्ट्रा साउंड मशीन। मुख्यमंत्री से सिंचाई जल लाने का प्रयास किया जाएगा।कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरएफओ दिग्विजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू, मुखिया कल्याणी सिंह, ग्राम प्रधान अश्वनी सिंह,समाजसेवी सुदीप महतो,मंटू महतो, वन विभाग के वनपाल सबन महतो, हेमंत टुडू, रुंपा चौधरी,कंदरा किस्कू,सुवित आदि उपस्थित थे।

### एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा में स्काउट एंड गाइड का दीक्षा समारोह संपन्न



**पटमदा :** एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा में स्काउट एंड गाइड का दीक्षा समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 100 विद्यार्थियों को स्काउट एंड गाइड के रूप में दीक्षित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य और जिला आयुक्त स्काउट गाइड डॉ. मिथिलेश कुमार, सहित कई शिक्षक और अधिकारी उपस्थित थे।समारोह में विद्यार्थियों को स्कार्फ, बोगल, और बैच पहनाकर सम्मानित किया गया। जिला आयुक्त नरेश कुमार ने द्वितीय सोपान का प्रशिक्षण शिविर में समाज सेवा और देश सेवा की शपथ दिलवाई। इसके अलावा, सभी स्काउट एवं गाइड ने स्वतंत्रता दिवस के परेड का पूर्वाभ्यास भी किया।विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने कहा, स्काउटिंग और गाइडिंग विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। जिससे वे अपने जीवन में अनुशासन, सेवा, और नेतृत्व की क्षमता विकसित कर सकते हैं। हमारे विद्यालय में स्काउट एंड गाइड का दीक्षा समारोह एक महत्वपूर्ण कदम है इस दिशा में।इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों और अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों को स्काउटिंग और गाइडिंग के महत्व के बारे में बताया। विद्यालय के द्वारा सभी विद्यार्थियों को स्काउट एंड गाइड गणवेश प्रदान की गई, जो एक महत्वपूर्ण कदम है स्काउटिंग और गाइडिंग को बढ़ावा देने के लिए।

### जिला में 155.29 एकड़ सामुदायिक वन पट्टे का किया गया वितरण



**साहिबगंज:** विश्व आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर उप विकास आयुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनन्द ने संयुक्त रूप से सामुदायिक वन पट्टा का वितरण किया। जिला के बरहेट प्रखण्ड के बरमसिया पंचायत ग्राम रघुनाथपुर को 18.50 एकड़, पंचायत भोगनाडीह ग्राम बड़ा दलदली को 6.29 एकड़ एवं पंचायत सिमड़ा ग्राम सिमड़ा को 31.32 एकड़ का सामुदायिक वन पट्टा वितरण किया गया। वहीं पंचायत बरमसिया ग्राम करमटो पहाड़ के अध्यक्ष एवं सचिव को मुख्यमंत्री के द्वारा वन पट्टा राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान दिया जाना है। जिन्हें अपने स्तर से जिला कल्याण पदाधिकारी साहिबगंज के द्वारा रांची भेजा गया। इस प्रकार कुल 155.29 एकड़ सामुदायिक वन पट्टा का वितरण साहिबगंज जिला से किया गया।

## एक नजर

### कुशवाहा जागरण मंच की ओर से कांवड़ यात्रा का हुआ आयोजन

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत कुशवाहा जागरण मंच के तत्वाधान में 12 अगस्त को सुबह 8 बजे से कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया है। यह कावड़ यात्रा मुरी स्वर्णरेखा नदी से जल लेकर मंडप टोला शिव मंदिर पहुंचेगी। मंच के द्वारा सभी शिव भक्तों को इस कावड़ यात्रा में शामिल होने के लिए अपील किया है।

### भारतीय जनता पार्टी कार्य समिति की हुई बैठक

**अंगनड़ा :** भारतीय जनता पार्टी टाटी सिलवे मंडल में मंडल अध्याछ के नेतृत्व में कार्य समिती की बैठक हुई बैठक में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बैठक कि गई। बैठक में खिजरी के पूर्व विधायक राम कुमार प हा न ने बताया कि जब से भारत देश आजाद हुआ। तब से हर वर्ष 15 अगस्त को सरकारी हो या गैरसरकारी सभी संस्थानों में झंडो तोलन किया जाता है। विगत कई वर्षो 15 अगस्त में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाता है इस वर्ष में पूरे भारत देश में आजादी के महत्सव में हर घर तिरंगा लगाना है। मौके पर रांची जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, उपाधयच मनोज कुमार चौधरी, संतोष महतो आदि शामिल थे।

### बीमार चल रहे बच्चे की बाल गृह में मौत

**पलामू:** पलामू बाल गृह के एक बीमार बच्चे की मौत शुक्रवार को हो गई । बच्चा काफी दिनों से बीमार था। कुछ महीने पहले उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे रिम्स रेफर कर दिया था। रिम्स से इलाज करवाने के बाद बच्चे को वापस बाल गृह लाया गया था। शुक्रवार को बच्चे की अचानक तबीयत खराब हुई थी। इसके बाद उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडीकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने जांच कर बच्चे को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बाल गृह की तरफ से सभी वरीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई है। इसके बाद बालक के शव का दंडाधिकारी की मौजूदगी में पंचनामा किया गया और मेडिकल बोर्ड गठित कर शव का पोस्टमार्टम किया गया है।बता दें कि छह महीने में यह दूसरी मौत है। कुछ दिनों पहले बालिका गृह में रहने वाली एक लड़की की बीमारी से मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार चार वर्ष पहले उक्त बालक को रेस्क्यू किया गया था और बाल गृह में रखा गया था। इस संबंध में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार ने बताया कि बच्चा बीमार था इस कारण उसकी मौत हो गई है। मेडिकल बोर्ड के द्वारा बालक के शव का पोस्टमार्टम किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में 14 वर्षीय किशोर घायल

**मेदिनीनगर :** सदर थाना क्षेत्र के चियांकि भीमगड़ा निवाशी राजकुमार सोनी के पुत्र राजेश कुमार उम्र 14 वर्ष को इक्को वाहन जेएच 01ई ए 9045 ने गुरुवार की दोपहर 12:00 धक्का मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। और फरार हो गया। इसके बाद परिजन और स्थानीय लोगों के द्वारा घायल बच्चा राजेश कुमार को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद भी बच्चे की स्थिति गंभीर बनी हुई है।वाहन की पहचान कर ली गई है। घायल के परिजन वहान के मालिक से मुआवजे की मांग भी कर रहे हैं। इसके बाद भी वाहन मालिक के द्वारा बच्चा का इलाज नहीं कराया जा रहा है। इसके बाद परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी सदर थाना की पुलिस को दी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुड़ गई है।

# 10 लाख के इनामी जोनल कमांडर सीताराम रजवार को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** नक्सलियों के खिलाफ अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 10 लाख के इनामी माओवादी जोनल कमांडर सीताराम रजवार उर्फ रमनजी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सीताराम रजवार से पुलिस की स्पेशल टीम पूछताछ कर रही है जबकि सीताराम रजवार के पकड़े जाने के बाद नक्सलियों खिलाफ सर्च अभियान शुरू किया गया है सीताराम रजवार बिहार के औरंगाबाद के नबीनगर में एनटीपीसी थाना क्षेत्र का रहने वाला है और दो दशक से भी अधिक समय से प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी में सक्रिय था। सीताराम रजवार बिहार और झारखंड में 25 से अधिक जवानों के शहीद होने की घटनाओं में शामिल रहा है। सीताराम रजवार हर पल अपने साथ एके 56 रखता था। माओवादी में वह एक दस्ता सदस्य के रूप में शामिल हुआ था और अपने कार्य की बदौलत वह जोनल कमांडर बन गया। सीताराम रजवार पर झारखंड और बिहार में 70 से भी अधिक बड़े नक्सली हमले को अंजाम देने का आरोप है। सीताराम रजवार झारखंड-बिहार सीमा पर पलामू, गया औरंगाबाद में माओवादियों का तीसरा सबसे बड़ा कमांडर था। कुछ प्रमुख घटनाएं 2015-16 में पलामू के काला पहाड़ की इलाके में लैंड माइंस विस्फोट में पुलिस के सात जवान शहीद हुए थे। 2016-17 में बिहार के गया और औरंगाबाद सीमावर्ती क्षेत्र में सीताराम रजवार नक्सली हमले में शामिल था। इस हमले में कोबरा के 10 जवान शहीद हुए थे। बिहार के औरंगाबाद थाना क्षेत्र के माली के इलाके में हुए नक्सली हमले में पुलिस के 6 जवान शहीद हुए, इस घटना का सीताराम रजवार मुख्य आरोपी में से एक है। 2013-14 में पलामू के विश्रामपुर थाना क्षेत्र में माओवादी और टीएसपीसी के बीच मुठभेड़ हुई थी, इस मुठभेड़ में टीएसपीसी के 15 सदस्य मारे गए थे। इस घटना का भी आरोपी सीताराम रजवार को बताया जाता है। हाल के दिनों में पलामू के महुआडांड़ समेत कई इलाकों में लेवी के लिए हिंसक घटना हुई है, इस घटना में सीताराम रजवार के शामिल होने का आरोप है। वन्ही पुलिस अधीक्षक ने मीडिया के माध्यम से कहा कि सभी नक्सली आत्म समर्पण कर मुख्य धारा में वापस लौट आए और एक अच्छी जिंदगी जिए साथ हि पलामू एसपी ने युवाओं को ऐसे लोगों से दूरी बनाए रखने और किसी भी भहलावे में नही आने कि बात कही।

## विश्व आदिवासी दिवस पर डीसी ने 1645 हेक्टयर भूमि के सामुदायिक वन पट्टा का किया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, वन प्रमंडल पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत नवाबाजार प्रखंड के 12 ग्रामों में कुल 1645 हेक्टयर भूमि के सामुदायिक वन पट्टा का वितरण किया। इस दौरान समाहरणालय के सभागार में आये लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी। सभी ने एक सुर में सरकार व जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उपायुक्त रंजन ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि वनों पर निर्भर लोगों को उनका अधिकार देने के लिए सरकार व प्रशासन गंभीर है। उन्होंने कहा कि प्रशासन वन पट्टा हासिल करने के योग्य हर व्यक्ति को उसका हक दिलाने के प्रति संकल्पित है। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू को अबुआ वीर दिशोम वनाधिकार अभियान के अंतर्गत तीव्र गति से बड़ी संख्या में भूमिहीन पात्र लोगों के बीच वनपट्टा वितरण कराने की संपूर्ण कार्रवाई करने को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने कल्याण पदाधिकारी को वन क्षेत्र के अंतर्गत हर गांव में वनाधिकार समिति अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति (एसडीएलसी) और जिलास्तरीय वनाधिकार समिति (डीएलसी) को सक्रीय रखने पर बल दिया।उपायुक्त में सभागार में मौजूद ग्रामीणों से वनाधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत वन क्षेत्र में निवास करनेवाले लोगों को उनके अधिकार की जानकारी पहुंचाने के सहयोग करने की अपील की। मौके पर उपरोक्त के अलावे अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,एनडीसी समेत नवाबाजार से आये बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## डॉ राकेश ने आदिम जनजाति वर्ग के लोगों के साथ मनाया आदिवासी दिवस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**राहे :** शुक्रवार को रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने शहर के कोलाहल से दूर राहे प्रखण्ड के सुदूर लाधुप गाँव के बिरहोर टोला में आदिम जनजाति वर्ग के लोगों के साथ विश्व आदिवासी दिवस मनाया। इस अवसर पर उस टोला के सभी परिवार के लोग इकट्ठा हुए और विश्व आदिवासी दिवस की प्रासंगिकता और इसके उद्देश्य के विषय में चर्चा की गई। ऐसे महत्वपूर्ण दिवस के अवसर पर अपने बीच कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ महतो को पाकर वे सभी उत्साहित थे। डॉ महतो ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसे तो आज के दिन पूरे विश्व में आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है लेकिन हमारे देश में इसकी सबसे अधिक प्रासंगिकता है। जनजातिय समाज के लोगों को अपनी अस्मिता, पहचान एवं सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उनकी भाषा भी लुप्त हो रही है। शहरों और प्रखण्ड मुख्यालय में आज भव्य आयोजन हो रहे हैं लेकिन गांव में रहने वाले अशिक्षित और निर्धन आदिवासियों तक इसकी गूंज पहुंचाने की आवश्यकता है।

## आदिवासी रेल कर्मचारियों ने धूमधाम से मनाया विश्व आदिवासी दिवस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली/मुरी:** 'विश्व आदिवासी दिवस' के अवसर पर अखिल भारतीय अनु. जा. जनजाति रेलवे कर्मचारी संघ राँची मण्डल के तत्वाधान में आदिवासी समुदाय के रेल कर्मचारियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर *रेलवे के सभी विभागों के अधिकारीगण एवं उनके परिवार के सदस्य, साथ ही मेंस काँग्रेस, मेंस यूनियन के मण्डल समन्वय उपस्थित हुए रेलवे सामुदायिक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में सहायक डिविजनल मंडल प्रबंधक गतीशक्ति, रेलवे उटर डॉ राजू तिर्की, डॉ नीलम दयाल,प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व शिक्षा मंत्री बधू तिर्की, अनु. जनजाति आयोग केंद्रीय सदस्य आशा लकड़ा, मंडल सचिव विनोद उरांव,आर के उरांव, लालदेव, भूषण, डीएस मुंडा, एआईएलआरएसए से मण्डल रामजीत, सीएस कुमार के द्वारा सभा को संबोधित किया गया।इस अवसर पर कर्मचारियों के बच्चों द्वारा विश्व दिवस पर वक्तव्य, पारंपरिक परिधान प्रदर्शित एवं महिला सदस्यों द्वारा लोक नृत्य प्रस्तुत किए गए। साथ ही आदिवासी परंपरा, विधि विधान के साथ अपने अस्तित्व की रक्षा व एकता बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

## जल, जंगल और जमीन की रक्षा के प्रति संकल्पित है आदिवासी परंपरा : रूचिर तिवारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** अखिल भारतीय आदिवासी महासभा पलामू ने सदर अंचल के ग्राम चियांकी में विश्व आदिवासी दिवस मनाया मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी उमेश सिंह चेरो उपस्थित थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत बिरसा मुंडा एवं राजा मेदनी राय के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मौके पर जिला सचिव तिवारी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है जो आदिवासियों के लिए गौरव की बात है शुरू से ही आदिवासी समाज जल जंगल जमीन की रक्षा करने का संकल्प लेते आए हैं और अंग्रेजों से ही नहीं बल्कि सामंती, जमींदारी ,सुदखोरी प्रथा के खिलाफ भी लड़ाई लड़ा। लेकिन आज उनकी स्थिति ठीक नहीं है आज भी आदिवासी मड़ई लगाकर टाटी के किवाड़ लगाकर रहने को दिवस है मेदनीनगर में भी आदिवासी राजा के रूप में राजा मेदिनी राय एक प्रसिद्ध राजा थे एवं अपनी प्रतिभा एवं व्यवस्था के बदौलत एक अच्छा काम आम जनता के बीच किया था। लेकिन उसके बाद लोकतंत्र में भी यहां पूर्व के जनप्रतिनिधियों चाहे वह इंदर सिंह नामधारी हो के एन त्रिपाठी हो या वर्तमान भाजपा के विधायक जनप्रतिनिधियों ने आदिवासियों के वोट को लेकर केवल उनको छलने एवं ठगने का काम किया। ऐसी स्थिति में अब आदिवासियों को सचेत रहने की आवश्यकता है और जरूरत पड़ी तो पुनः उलगुलान के लिए उनको तीर कमान भी उठाना होगा। बैठक को संबोधित करते हुए सदर प्रखंड सचिव उमेश सिंह चेरो ने कहा कि डाल्टनगंज में पूर्व एवं वर्तमान के जनप्रतिनिधियों ने वोट लेकर आदिवासियों को सिर्फ वरगलाने का काम किया है। इस बार आदिवासी ठगे नहीं जाएंगे एक जूटता का परिचय देते हुए कम्युनिस्ट पार्टी को मजबूत करें तभी आदिवासियों का कल्याण होगा। सभा में मीना सिंह चेरों, नसीम राइन, सोनू अहमद, डब्लू अंसारी, पिंटू कुमार, मोनी देवी, सुखदेव उरांव, करीमन पासवान, शाहिद सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## लूथरन उच्च विद्यालय में होप तथा फिमी ने मनाया आदिवासी दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चैनपुर :** चैनपुर प्रखण्ड स्थित लूथरन हाई स्कूल के हाल में अन्तराष्ट्रीय आदिवासी दिवस का आयोजन होप तथा फीमी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य आज के विशेष दिन में आदिवासी एकजुटता का परिचय देते हुए अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति लोगों को जागरूक करना क चैनपुर प्रखण्ड के 6 पंचायतों में आदिवासी महिला नेतृत्व के विकास एवं उनको सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उसी प्रक्रिया के तहत आदिवासी भाइयों एवं बहनों को संगठित करने एवं उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग करने हेतु यह एक पहल है। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं विभिन्न गांवों से आये आदिवासी बहनों एवं भाइयों को संबोधित करते एवं स्वागत करते हुए होप की मैनेजिंग ट्रस्टी मनोरमा एक्का ने कहा कि आप सबकी उपस्थिति इस बात का परिचायक है कि आप अपने आदिवासी समाज के प्रति एक सजग प्रहरी के रूप में कार्य करने के लिए तत्पर हैं। आप सभी का पुरे होप परिवार की ओर से स्वागत एवं हार्दिक अभिनन्दन करते है। वर्तमान में हमारे आदिवासी समाज को तोड़ने में चोतारफा हमला हो रहा अर्थात इन्सान जिस चकाचौंध में जी रहा है, कहीं न कहीं यह हमारी अद्भुत परम्परा जो प्रकृति के इर्द गिर्द घुमती है उसको नष्ट करने की एक सोची समझी साजिश है। हमारी भाषा एवं परमपरागत ज्ञान को अच्छी नजरों से नहीं देखा जाने के कारन आनेवाली पीढ़ी भी भाषा भूल रही है,ऐसे में हम सभी के सामने एक चुनौती है जो हम सभी के सामने है की संगठित हो कर हम सबको ऐसी विषम परिस्थिति का सामना करना है कइस अवसर पर विभिन्न गांवों से सामूहिक आदिवासी नाच की प्रस्तुति एवं विशिष्ट अतिथियों के उद्गार द्वारा आदिवासियत को दशार्ने का प्रयास किया जा रहा है । इस अवसर पर अतिथियों एवं पंचायतों से आये मुखिया एवं होप के कार्यों में सहयोग करने वाले साथियों को परंपरागत शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। तथा चयनित जनप्रतिनिधियों से विशेष निवेदन किया गया कि अपने कार्यक्षेत्र में सभी आदिवासी भाई एवं बहन के विकास हेतु सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ दिलाने में हरसंभव सहयोग करें। इस क्षेत्र से हो रहे असुरक्षित पलायन एवं ट्रैफिकिंग जैसी गंभीर समस्याओं को मिलकर रोकने का प्रयास किया जाएगा कइस अवसर पर जिला परिषद् सदस्य मेरी लकड़ा लूथरन हाई स्कूल की प्रभारी प्रधान्ध्यापिका प्रतिमा, विभिन्न पंचायत से मुखिया शोभा देवी, दीपक मिंज और दीपक बडा, समाज सेवी मुन्नू सिंह उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### कारगिल विजय दिवस समारोह में शामिल बच्चे हुए पुरष्कृत



**मेदिनीनगर (पलामू) :** विगत 26 जुलाई 2024 को कारगिल विजय दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले संत मरियम अकादमी के सभी 80 बच्चों को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, पलामू के द्वारा आज पुरस्कृत किया गया। जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र ने बताया कि कारगिल विजय दिवस समारोह में संत मरियम अकादमी के बच्चों ने देशभक्ति से ओत प्रोत एक शानदार सांकृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया था। अकादमी के अस्सी बच्चों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। शुक्रवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की एक प्रतिनिधि मंडल अकादमी में जा कर सभी बच्चों को पुरष्कृत किया। महासचिव दिनेश गुप्ता ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जागृत होती है। कोषाध्यक्ष दया शंकर शर्मा ने अकादमी के डायरेक्टर अविनाश देव और संगीत शिक्षक श्याम पांडेय को इस समारोह में चार चांद लगाने के लिए उन दोनो का विशेष रूप से आभार प्रकट किया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पलामू के प्रतिनिधि मंडल में महा सचिव दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष दया शंकर शर्मा, सचिव सुनील कुमार सिंह, पेंशन अधिकारी कामाख्या नारायण सिंह, और सचिव संजय कुमार इत्यादि की सहभागिता रही।

### सर्वोच्च न्यायालय का फैसला झारखंडी विद्यार्थियों की जीत : कमलेश



**मेदिनीनगर (पलामू) :** झारखंड अंगिभूत महाविद्यालय इंटरमीडिएट शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश कुमार पाण्डेय ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का स्वागत किया है और इसे झारखंड के गरीब, दलित विद्यार्थियों की जीत बताया है। पांडेय ने कहा की उच्च न्यायालय ने ही रांची विश्वविद्यालय के अंगिभूत महाविद्यालय में नामांकन पर लगी रोक हटाने का आदेश दिया था उसके खिलाफ रांची विश्वविद्यालय सर्वोच्च न्यायालय गई थी। जहां सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए नामांकन का आदेश दिया। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का झारखंड अंगिभूत महाविद्यालय इंटरमीडिएट शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मोर्चा स्वागत करती है। पांडेय ने कहा की अब सरकार अपने वादा को निभाए और सभी इंटरमीडिएट शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी (संविदाकर्मियों) को स्थायी करें । पांडेय ने कहा की अब रांची विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी इंटर की पढ़ाई अंगिभूत कॉलेज में कर सकेंगे ।

### आजसू पार्टी के बैनर तले आदिवासी दिवस का धूमधाम से किया गया आयोजन



**चैनपुर:** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित लूथरन मैदान में आजसू पार्टी के बैनर तले विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि आदिवासियों के अधिकार को छीनने वालों को हमें चिन्हित करना होगा क्योंकि ऐसे लोगों की नजर हमारे जल, जंगल, जमीन के साथ-साथ हमारी अस्मिता पर भी है। आदिवासियों ने जल, जंगल, जमीन और पर्यावरण का एक संरक्षित करने का काम किया है संयुक्त राष्ट्र संघ में आदिवासियों की स्थिति को देखकर विश्व भर में एक आयोग का गठन किया गया है जो आदिवासियों के विकास के लिए बनाया गया है। उसको आदिवासी दिवस के नाम से जाना जाता है। इसके माध्यम से सभी आदिवासियों को एकजुट होने का एक अच्छा अवसर है साथ हमें अपने हक और अधिकार पाने के लिए संघर्ष करना होगा साथ ही इस लड़ाई को सफल बनाने के लिए शिक्षा को हथियार बनाना होगा। जब तक हमारा समाज शिक्षित और जागरूक नहीं होगा तब तक हम लोग आगे नहीं बढ़ पाएंग। शिक्षा के अभाव में हम लोग अपनी पहचान हक और अधिकार से वंचित है समाज को आगे बढ़ाने के लिए सभी आदिवासियों को एक पटल पर आना होगा। वही आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह गुमला विधानसभा प्रभारी बोनीफास कुजूर ने कहा कि आज आदिवासियों के बीच नशापन की लत और शिक्षा का भाव सबसे बड़ी परेशानी है नशे का त्याग कर शिक्षा को बढ़ावा देने से हमें आर्थिक और सामाजिक रूप से आगे बढ़ सकते हैं। ऐसे कार्यक्रम के जरिए हम आज की युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ सकते हैं उन्होंने मंच से आग्रह किया। कि अपने बच्चों को काम करने के लिए बाहर ना भेजें उनके साथ बहुत अत्याचार होता है जब से झारखंड में जिसकी भी सरकार बनी है तब से आदिवासियों को ठगने का काम किया गया है आज हमें एकजुट होकर अपने संस्कृति को बचाते हुए आदिवासी समाज को उन्नति के पथ पर अग्रसर करना है उन्होंने इस मंच के माध्यम से सरकार से मांग किया कि जल, जंगल, जमीन से जुड़े आदिवासियों के हित की रक्षा के लिए सरकार कटिबंध हो आज आदिवासियों का हर जगह शोषण हो रहा है आदिवासियों को विकास के नाम पर ठगा जा रहा है। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने आदिवासी समाज को एकजुट करने बच्चों को शिक्षित करने एवं गांव के विकास मैं सकारात्मक भूमिका निभाने के साथ समाज में फैली बुराइयों को दूर करने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में कई गांव से आए हुए महिलाओं ने आदिवासी रीति रिवाज के साथ नाच गान कर इस पर्व को धूमधाम से मनाया इस खुशी के माहौल पर हमारे मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत के साथ उनकी पूरी मंडली मांदर की थाप में झूमते हुए नजर आए इस कार्यक्रम का मंच संचालन में जिला उपाध्यक्ष अरुण पांडा के द्वारा किया गया।

### भाजपा के नए मंडल अध्यक्ष बने किशोर जायसवाल

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड के नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष बने किशोर जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निदेर्शानुसार भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू सभी नए मंडल अध्यक्ष की सूची जारी कर घाघरा के मंडल अध्यक्ष का चयन किशोर जयसवाल को किया गया। वही नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष किशोर जयसवाल ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है , उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वाह करूंगा एवम घाघरा प्रखंड में भाजपा को और मजबूत करेगे। वही सभी छोटे बड़े वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं को साथ लेकर चलेंगे और संगठन को मजबूत करेंगे। गुमला - गुमला जिला अंतर्गत स्थित बिशनपुर विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी अशोक उरांव ने कहा कि किशोर जयसवाल को घाघरा प्रखंड के मंडल अध्यक्ष बनने से भाजपा में और ज्यादा मजबूती आ जायेगी संभवत नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष एक सरल स्वभाव एवं मिलनसार व्यक्ति है जिससे भाजपा को और मजबूती देने का काम करेगी।



## कृति सेनन के रांझणा बनेंगे धनुष! आनंद एल राय की तेरे इश्क में के लिए मिलाया हाथ



साउथ सुपरस्टार धनुष इन दिनों रायन की सफलता का जश्न मना रहे हैं। इसके साथ ही वे अपनी आने वाली फिल्म कुबेर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। वहीं, इस बीच अब अभिनेता को लेकर एक और दिलचस्प खबर सामने आ रही है, जो उनकी नई फिल्म को लेकर है। खबर है कि उनकी जोड़ी एक बार फिर बॉलीवुड अभिनेत्री के साथ बन सकती है। वह अभिनेत्री कृति सेनन है। सोशल मीडिया पर यह खबर प्रशंसकों का उत्साह बढ़ा रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, जल्द ही एक नई फिल्म में धनुष और कृति सेनन एक साथ काम करते नजर आएंगे। 2013 में रांझणा की सफलता के बाद निर्देशक आनंद एल राय और अभिनेता धनुष एक बार फिर तेरे इश्क में नाम की एक और रोमांटिक फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। एक साल पहले एक विशेष वीडियो के साथ इसकी घोषणा की गई थी, लेकिन अभी तक कलाकारों की पुष्टि नहीं हुई है, जिससे चर्चा है कि कृति सेनन इस संगीतमय प्रेम कहानी में मुख्य भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, कृति धनुष के साथ अभिनय करने के लिए बातचीत कर रही हैं। कृति सेनन और धनुष दोनों पहले भी निर्देशक आनंद एल राय के साथ अलग-अलग फिल्मों में काम कर चुके हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म एआर रहमान की म्यूजिकल होगी, जिसके बोल इरशाद कामिल द्वारा लिखे जाएंगे। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कृति सेनन ने कुछ महीने पहले आनंद एल राय से कहानी सुनी थी और इस एक्शन लव स्टोरी की दुनिया में उतरने में दिलचस्पी दिखाई है।

रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि निर्माता धनुष और कृति के अलावा एक और अभिनेता को कास्ट करना चाह रहे हैं। निर्माता कथित तौर पर कई अभिनेताओं से बातचीत कर रहे हैं और जल्द ही उनका चयन करेंगे। तेरे इश्क में की शूटिंग अक्तूबर 2024 में शुरू होने की उम्मीद है और ऐसे में यह फिल्म 2025 में रिलीज होगी। कृति सेनन दो पत्ती की रिलीज की तैयार कर रही हैं। वहीं, धनुष अब कुबेर में रश्मिका मंदाना के साथ नजर आएंगे।



## सामंथा से पहले इन साउथ अभिनेत्रियों ने अभिनय के दम पर चमकाई सीरीज

आज के दौर में ओटीटी पर फिल्मों और वेब सीरीज को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। भागदौड़ की जिंदगी में दर्शन भी अब घर बैठे सुकून से ओटीटी पर ही अपनी पसंदीदा सीरीज देखना पसंद करते हैं। ऐसे में सभी कलाकार ओटीटी प्लेटफॉर्म का रुख कर रहे हैं और अपने अभिनय का दाम दिखा रहे हैं। बॉलीवुड सितारे तो क्या साउथ सिनेमा के कलाकार भी अब ओटीटी पर अपनी धाक जमाने के लिए निकल चुके हैं। ऐसे में कई साउथ अभिनेत्रियों ने भी दमदार सीरीज में काम किया है, जिसका हालिया उदाहरण सामंथा रुथ प्रभु का है। वे एक बार फिर सिटाडेल के जरिए ओटीटी पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं।

### सामंथा रुथ प्रभु



सबसे पहले शुरुआत सामंथा रुथ प्रभु से ही करते हैं। फैमिली मैन 2 के साथ सामंथा प्रभु ने अपनी सीरीज की शुरुआत की। राज और डीके शो के निर्देशन के प्रभारी थे। सामंथा ने राजी नाम की लड़की एक किरदार निभाया और आम जनता और आलोचकों दोनों ने वास्तव में उसके काम की प्रशंसा की। सीरीज में सामंथा ने खुद को एक विद्रोही नेता के रूप में बदल दिया, जो युद्ध में माहिर है और भयानक आघात का सामना कर चुकी हैं। अब वह सिटाडेल के भारतीय रूपांतरण के साथ दर्शकों को फिर से प्रभावित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सीरीज में वे बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन के साथ नजर आएंगी। यह वरुण का ओटीटी डेब्यू होगा।

### नित्या मेनन

नित्या मेनन भी इस लिस्ट में शामिल हैं। नित्या ने अभिषेक बच्चन के साथ वेब सीरीज ब्रीद- इन्टू द शैडो में काम किया था। उन्होंने अभिषेक बच्चन की पत्नी का किरदार निभाया था। मयंक शर्मा द्वारा निर्देशित विक्रम तुली, प्रिया सागगी और अभिजीत देशपांडे की मनोवैज्ञानिक अपराध थ्रिलर में अभिषेक बच्चन, अमित साध, निथ्या मेनन, सयामी खेर और इवाना कौर दिखे थे।

### राशि खन्ना

अभिनेत्री राशि खन्ना भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाए हुई हैं। उन्होंने फर्जी सीरीज में काम किया था, जिसमें वे शाहिद कपूर के साथ नजर आई थीं। सीरीज में अपने काम के बाद से ही फर्जी एक्टर राशि खन्ना को प्रशंसा मिली। सीरीज में उन्होंने आरबीआई ऑफिसर मेघा का किरदार निभाया था। शो में वह खुद को एक ईमानदार और बहुत ग्लैमरस ऑफिसर के रूप में पेश करती हैं।

### प्रियामणि



इस लिस्ट के साउथ अभिनेत्री प्रियामणि भी शामिल हैं। द फैमिली मैन 2 में प्रियमणि ने सुचित्रा अय्यर की भूमिका निभाई है, जिसे सुची के नाम से भी जाना गया। सीरीज में वे एक ऐसी पत्नी थीं, जो अपने परिवार के लिए अकेले कमाने वाली बनकर तंग आ चुकी हैं। उनकी दृढ़ता और अभिनय की बहुत प्रशंसा की गई।



## एसएस राजामौली की फिल्म एसएसएमबी29 से नहीं जुड़े विक्रम

चियान विक्रम अपनी अगली फिल्म थंगलान को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। पा रंजीत के निर्देशन में बनी यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। अभिनेता जोरो-शोरों से इसका प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में वह फिल्म के प्रचार के लिए हैदराबाद में थे। इसी दौरान विक्रम ने थंगलान के प्रमोशन के साथ-साथ उस अफवाह पर भी चुप्पी तोड़ी, जिसका सच जानने के लिए प्रशंसक काफी ज्यादा उत्सुक थे। चियान ने निर्देशक एसएस राजामौली की आगामी फिल्म एसएसएमबी29 से जुड़ाव की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी। अस्थायी रूप से एसएसएमबी29 शीर्षक वाली यह फिल्म राजामौली और तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू के बीच पहले सहयोग का प्रतीक है। फिल्म ने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है, खासकर राजामौली की पिछली फिल्म आरआरआर के बाद, जिसने पिछले साल इतिहास रचते हुए ऑस्कर अपने नाम किया था। यह फिल्म एक वर्ष से अधिक समय से प्री-प्रोडक्शन में है। निर्माता, कलाकार और चालक दल इसकी वर्तमान स्थिति के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं। महेश के बदलते हेयर स्टाइल के अलावा, फिल्म के घटनाक्रम के बारे में बहुत कम जानकारी जारी की गई है। विक्रम को एसएसएमबी29 में शामिल किए जाने को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं, जिससे चर्चा और भी बढ़ गई है। हालांकि, इस अफवाह में बहुत कम सच्चाई लगती है। विक्रम ने पुष्टि की कि वह भविष्य में राजामौली के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं, लेकिन अभी तक कोई विशेष फिल्म तय नहीं की गई है। विक्रम ने कहा, राजामौली एक अच्छे दोस्त हैं। हम पिछले कुछ समय से बात कर रहे हैं। बेशक, हम कभी एक फिल्म में काम भी करेंगे, लेकिन हमने किसी खास चीज पर विचार नहीं किया है।




## नागेश कुकुनूर की मिसेज देशपांडे में नजर आएंगी माधुरी दीक्षित!

माधुरी दीक्षित निर्देशक नागेश कुकुनूर के साथ अपनी आगामी मनोवैज्ञानिक थ्रिलर वेब सीरीज मिसेज देशपांडे में नजर आएंगी। माधुरी दीक्षित ने पिछले कुछ सालों में कई फिल्मों में अपने बेहतरीन अभिनय से प्रशंसकों का दिल जीता है। अपने शानदार आभिनय के साथ ही माधुरी ने अपने बेहतरीन डांस के जरिए भी लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। वहीं मिसेज देशपांडे में माधुरी को एक अलग किरदार में देखना प्रशंसकों के लिए काफी मनोरंजक रहेगा। बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने टीवी रियलिटी शो और वेब सीरीज में भी बेहतरीन काम किया है। 2022 में द फेम गेम के साथ डिजिटल में अपनी शुरुआत करने के बाद अब माधुरी आगामी शो मिसेज देशपांडे में नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस आगामी सीरीज में माधुरी एक सीरियल किलर की भूमिका में नजर आ सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, माधुरी दीक्षित एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म में सीरियल किलर की भूमिका निभाने के लिए बातचीत कर रही हैं, जिसे नागेश कुकुनूर द्वारा निर्देशित किया जाएगा। इस वेब सीरीज का नाम मिसेज देशपांडे है। शो की कहानी बताती है कि कैसे पुलिस एक सीरियल किलर को काम पर रखती है और दूसरे सीरियल किलर के तरीके को समझने और उसे पकड़ने के लिए उसके दिमाग का इस्तेमाल करती है। बता दें यह शो एक फ्रेंच सीरीज का रीमेक है। बहरहाल, वेब सीरीज की कास्टिंग का काम चल रहा है। वहीं माधुरी के प्रशंसक उनको एक डार्क रोल में देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। नागेश कुकुनूर को मॉडर्न लव हैदराबाद के निर्देशन के लिए जाना जाता है। उन्होंने सिटी ऑफ ड्रीम्स नाम की वेब सीरीज का भी निर्देशन किया है।

## पुष्पा 2 के क्लाइमैक्स की शूटिंग कर रहे अल्लू अर्जुन



पुष्पा 2 इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म से जुड़ी छोटी सी छोटी जानकारी का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। अल्लू अर्जुन और फिल्म निर्माता सुकुमार के बीच संभावित झगड़े की अटकलें पिछले कुछ समय से चल रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेता-निर्देशक के बीच पुष्पा 2- द रूल की शूटिंग में देरी को लेकर मनमुटाव हुआ था। हालांकि, निर्माताओं की ओर से इस बारे में पुष्टि नहीं की गई थी। वहीं अब निर्माताओं ने फिल्म को लेकर दिलचस्प जानकारी साझा की है। निर्माताओं ने आखिरकार अल्लू अर्जुन और पुष्पा 2 के बारे में एक नया अपडेट दिया है। अल्लू अर्जुन इन दिनों पुष्पा 2 के क्लाइमेक्स सीन की शूटिंग कर रहे हैं और इसके भव्य होने की उम्मीद है। पोस्ट साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, शूट अपडेट- पुष्पा 2 द रूल वर्तमान में क्लाइमेक्स के लिए एक शानदार एक्शन एपिसोड की शूटिंग कर रहा है। 6 दिसंबर 2024 को दुनिया भर में ग्रैंड रिलीज होगी। पोस्ट के अनुसार, टीम वर्तमान में इसके क्लाइमेक्स सीक्वेंस को फिल्मा रही है। निर्माताओं ने पुष्पा 2 की रिलीज की तारीख की भी पुष्टि की। खबर की घोषणा करते हुए, निर्माताओं ने फिल्म से एक छोटा सा अंश साझा किया, जिसमें पुष्पा राज उर्फ अल्लू अर्जुन अपने रोमांचक अवतार में नजर आ रहे हैं। पुष्पा 2- द रूल के लिए उत्सुकता बढ़ने के साथ ही इस अपडेट ने फिल्म की रिलीज को लेकर उत्साह और बढ़ा दिया है। उम्मीद है कि सीक्वल में शानदार नाटकीय अनुभव के लिए हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस दिखाए जाएंगे। पुष्पा 2 - द रूल की कहानी निर्देशक सुकुमार और श्रीकांत विसा द्वारा लिखी गई है।



## मैं अच्छी और बुरी किस्मत में विश्वास करता हूं, आज फिल्म रिलीज करना बहुत मुश्किल है

**एक्टर-प्रड्यूसर तुषार कपूर बौद्ध धर्म के अनुयायी हैं। उनका मानना है कि अच्छी और बुरी किस्मत होती है और हम अपनी प्रार्थनाओं से भाग्य बदल सकते हैं। तुषार ने कहा, मैं अच्छे और बुरे भाग्य में यकीन करता हूं। हम इस दुनिया में कुछ खास कर्मों के साथ आए हैं। कुछ लोग कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन उन्हें एक निश्चित सीमा से ज्यादा कामयाबी नहीं मिल पाती, कुछ न कुछ बाधाएं उनके रास्ते में आती रहती हैं। एक्टर ने आगे कहा, और कभी-कभी, ऐसे लोगों को बड़ी कामयाबी मिल जाती है, जो लोग आलसी होते है, लेकिन चीजें उनके लिए सही हो जाती हैं।**

### मेरा मानना है कि यह सब आपके कर्म से जुड़ा है

उनका मानना है कि लंबे समय के लिए कड़ी मेहनत ज्यादा फायदेमंद होती है। एक्टर ने कहा, ये आपके टारगेट तक पूरा करने के लिए लगने वाले समय को कम कर सकता है या इससे चीजों में देरी भी हो सकती है, यह सब आपके भाग्य पर निर्भर करता है। मेरा मानना है कि यह सब आपके कर्म से जुड़ा है।

### मैं बौद्ध धर्म को मानने वाला हूं

भाग्य को कैसे बदला जा सकता है, इस बारे में बात करते हुए तुषार ने कहा, मैं बौद्ध धर्म को मानने वाला हूं, इसलिए मुझे लगता है कि आप हमेशा अपने कर्म और भाग्य को बदल सकते हैं, अपने जीवन में और अधिक सौभाग्य जोड़ सकते हैं, अपनी किस्मत बदल सकते हैं। मैं अच्छे और बुरे भाग्य में विश्वास करता हूं, लेकिन मेरा मानना है कि यह तय नहीं है और आप इसे बदल नहीं सकते। मेरा मानना है कि प्रार्थना से आप अपनी किस्मत बदल सकते हैं।

### ओटीटी शो दस जून की रात में नजर आ रहे हैं

तुषार फिलहाल ओटीटी शो दस जून की रात में नजर आ रहे हैं। इसमें वह भागेश का किरदार निभा रहे हैं, जिसकी किस्मत खराब है। यह पूछे जाने पर कि उन्हें क्या ज्यादा पसंद है, फिल्में या ओटीटी, तुषार ने कहा, पहला प्यार हमेशा फिल्म ही है, लेकिन एक एक्टर के तौर पर सेट पर जाकर परफॉर्म करना और एक अच्छी टीम के साथ काम करना...मुझे लगता है कि यह हर जगह एक जैसा है, फिर चाहे वह कोई फिल्म हो या वेब-शो।


### आज फिल्म रिलीज करना बहुत मुश्किल है

उन्होंने कहा कि इसकी तुलना रियलिटी शो के काम से की जा सकती है, जिसका अनुभव कुछ अलग है। तुषार ने कहा, मैं ये नहीं कहूंगा कि एक दूसरे से बेहतर है। लेकिन हां, आज फिल्म रिलीज करना बहुत मुश्किल है। बहुत तनाव है, अगर महामारी है या कई मल्टीपल फिल्म रिलीज है, तो स्क्रीन की परेशानी सामने आती है। लेकिन वेब शो के लिए, यह समस्या नहीं होती, क्योंकि यह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होता है और दर्शक इसे कभी भी और कहीं भी देख सकते हैं।

### वेब शो कम चुनौतीपूर्ण है

उन्होंने कहा, मैंने फिल्मों से शुरुआत की, उसकी खुशी ही कुछ अलग है। यह उस मायने में बेहतर है। वहीं वेब शो कम चुनौतीपूर्ण है, लेकिन जहां तक अच्छी रिलीज का सवाल है, आपको उसका फल मिलता है। इसलिए, यह भी एक अलग ही खुशी देता है। बता दें किदस जून की रात जियो सिनेमा पर स्ट्रीम हो रही है।

## गर्ल्स हॉस्टल से अहसास चन्ना को मिली थी पहचान



अहसास चन्ना आज अपना 25वां जन्मदिन मना रही हैं। वह कई वेब सीरीज में अपने अभिनय का दमखम दिखा चुकी हैं। सीरीज से पहले वह यूट्यूब चैनल की सीरीज और कई शॉर्ट वीडियोज में भी नजर आ चुकी हैं। अहसास ने अपने करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी। महज पांच साल की उम्र में सुष्मिता सेन के साथ उनकी पहली फिल्म वास्तु शास्त्र आई थी। ओह माय फ्रेंड गणेशा, कभी अलविदा न कहना और आर्यन जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

# कैमरे की नजर में आदिवासी दिवस



झारखंड आदिवासी महोत्सव पर संबोधित करते सीएम















झारखंड आदिवासी महोत्सव 2024 में विभिन्न राज्यों एवं जिलों से आए कलादल अपनी कला का प्रदर्शन कर रहें हैं। यहां जादो पटिया, सोहराई, कोहबर, पटकर,उरांव एवं समकालीन चित्रकला शैली के करीब 55 कलाकर भाग ले रहें है। इनमें दुमका, जामताड़ा, रांची, हजारीबाग, लोहरदगा, गुमला, शांतिनिकेतन, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय सहित छत्तीसगढ़ के वरिष्ट कलाकार भाग ले रहें है ये कार्यशाला 5 अगस्त से आरंभ हुआ है जो 10 अगस्त तक चलेगा।



बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान में लगे प्रदर्शनी हॉल में लगे झारक्राफ्ट स्टाल के ऑर्गेनिक सिल्क का आकर्षण लोगों को खूब भा रहा है। झारक्राफ्ट दुनिया में ऑर्गेनिक सिल्क उत्पादों का प्रमुख नाम है जो कि अपने उत्पादों को बनाने से लेकर रंगों तक किसी भी तरह के रसायन का उपयोग नहीं करता है, जिसमें कुकून से धागा और धागे से कपड़े तक की पूरी प्रक्रिया प्राकृतिक मानकों के साथ ही की जाती है। इस प्रदर्शनी में झारक्राफ्ट द्वारा लाइव हस्तकरघा एवं रीलिंग मशीन चलाकर कुकून से धागा और धागे से कपड़े बनाने की प्रक्रिया दिखाई जा रही है।

झारक्राफ्ट के इस स्टॉल में हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट ड्रेस, चादर, सिल्क एवं कॉटन साड़ी, लाल पाढ़ साड़ी, शॉल, डोकरा से बने पारंपरिक आभूषण, हसुली, पइला, सोहराय पेंटिंग, जादू पटिया पेंटिंग समेत विभिन्न प्रकार की वस्तुएं बिक्री हेतु उपलब्ध है। तो आप सभी पधारे और इस प्रदर्शनी मेला का भरपूर आनंद उठाएं।









नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 **A** कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह** * ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**